卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 192 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦19 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in


# अतीक का करीबी शूटर कालिया गिरफ्तार

**अतीक की पत्नी शाइस्ता की जल्द हो सकती है गिरफ्तारी, पुलिस की कई टीमें लगी**

प्रयागराज(उद ब्यूरो)। माफिया अतीक अहमद गिरोह के एक और शूटर आसाद कालिया को यूपी पुलिस ने बुधवार को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है।



कालिया माफिया अतीक का बेहद करीबी सदस्य बताया जाता है। असाद कालिया कई मामलों में वांछित चल रहा था। पुलिस ने उसपर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। एसओजी ने अतीक अहमद के खास गुर्गे को धूमनगंज और पूरामुफ्ती पुलिस के साथ घेरकर दबोचा। उसके दो और साथी भी पकड़े गए हैं। उससे तमाम घटनाओं के बारे में पूछताछ की जा रही है। दिसंबर 2021 से अब तक असाद के खिलाफ धमकाने और रंगदारी मांगने के चार मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। असाद की गिरफ्तारी पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पिछले दिनों एक वीडियो भी 2019 का प्रसारित हुआ था जिसमे असाद एक व्यक्ति के घर पर अपने साथियों संग जाकर गेट से धमकाता और ईट फेंकता है। वह अतीक के जमीन का कारोबार देख रहा था। डीसीपी नगर दीपक ने बताया कि असाद को गिरफ्तार कर पूछताछ की (शेष पृष्ठ सात पर)

## अतीक और अशरफ के हत्यारों को चार दिन की रिमांड पर लिया

प्रयागराज। अतीक अहमद और अशरफ की हत्या करने वाले तीनों शूटरों को लेकर बुधवार को पुलिस सीजीएम कोर्ट पहुंची। माफिया अतीक और अशरफ की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या करने वाले शूटर लवलेश तिवारी, सनी सिंह और अरुण मौर्य को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेशी के लिए सीजेएम कोर्ट लाया गया। पुलिस की रिमांड अर्जी पर कोर्ट में सुनवाई हुई। पुलिस ने तीनों शूटरों की 14 दिन की रिमांड मांगी है। लेकिन कोर्ट ने तीनों शूटरों की चार दिन की पुलिस रिमांड मंजूर की। कोर्ट ने आरोपियों को रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस की टीम ने आरोपियों से पूछताछ के लिए 100 से ज्यादा सवाल तैयार किए हैं। सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों से मोबाइल और हथियार को लेकर सवाल होंगे। पुलिस की टीम क्राइम सीन रिक्रिएट कर सकती है। मंगलवार को हत्याकांड की जांच के लिए गठित एसआईटी टीम ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) दिनेश कुमार गौतम की कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों को तलब करने की मांग की थी। सीजेएम ने पुलिस को आदेश दिया है कि आरोपियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में पेश किया जाए। कस्टडी में ही अतीक और अशरफ की हत्या के कारण देर शाम तक कचहरी की सुरक्षा व्यवस्था का पुलिस अधिकारियों ने जायजा भी लिया। तीनों आरोपी प्रतापगढ़ जेल में बंद थे। अतीक के गुर्गों के खौफ के कारण चारों को नैनी जेल से सोमवार को ही प्रतापगढ़ भेजा गया था। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात रहा। कचहरी छावनी में तब्दील रही।

# प्रेमी युगल झील में कूदा,युवक की मौत

भीमताल (उद संवाददाता)। प्रेमी युगल भीमताल झील में काफी देर घूमते रहे मौज मस्ती की, शराब भी पी और उसके बाद झील में कूद गए। युवती के साथ झील में कूदा युवक तीन बच्चों का पिता था उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम प्रेमी युगल झील में बोटिंग कर रहे थे। अचानक दोनों झील में कूद गये। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को सीएचसी से हल्द्वानी रेफर किया गया, जहां युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और युवती को भर्ती कराया गया है। जिस नाव से दोनों कूदे उसमें शराब की बोतल और काजू का पैकेट मिला है। पुलिस के मुताबिक युवक की पहचान 36 वर्षीय दीपक कुमार गौतम पुत्र अतीश चंद्र गौतम निवासी सरना पदमपुरी धारी और युवती की (शेष पृष्ठ सात पर)

## कमरे में फंदे पर लटका मिला युवक

देहरादून(उद संवाददाता)। संदिग्ध हालातों में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना बसन्त विहार पुलिस को सूचना मिली कि बनियावाला में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगा ली गई है। जिस पर तत्काल संबंधित चीता कर्मचारी मौके पर पहुंचे। मौके पर 27 वर्षीय मोहित कुमार उर्फ मोंटू पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम अबीवाला थाना वसंत विहार देहरादून कमरे में चुन्नी बांधकर पंखे से लटका मिला। जिसे तत्काल 108 के माध्यम से संयुक्त चिकित्सालय प्रेमनगर भेजा (शेष पृष्ठ सात पर)

# हत्यारे भांजे की मदद करना मामा को पड़ा भारी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हत्या के साक्ष्य छुपाने में भांजने की मदद करना मामा को भारी पड़ गया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त क्रेटा के साथ आरोपी मामा को बरेली से गिरफ्तार कर लिया है। बता दें सितम्बर 2022 को छत्रपाल पुत्र बल्देव प्रसाद निवासी बंगाली कालौनी आजाद नगर थाना किच्छा और नईम अहमद पुत्र रहीस अहमद निवासी खेड़ा रुद्रपुर ने मुखबिर का अपहरण कर अपनी क्रेटा कार यूके 06-बीसी 2909 में ले जाकर जहानाबाद क्षेत्रांतर्गत उसकी हत्या कर दी थी और उसके शव को टचिंग ग्राउंड में केले के पत्तों में छिपा दिया। बाद में दोनों हत्यारोपियों ने हत्या में प्रयुक्त वाहन अपने मामा नुक्ता प्रसाद के घर में छिपा दिया। पुलिस इस मामले में दोनों हत्यारोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद दोनों से हत्या में प्रयुक्त वाहन बरामदगी का प्रयास किया लेकिन दोनों पुलिस को गुमराह करते रहे। पुलिस कस्टडी रिमांड के दौरान जब पुलिस ने दोनों से पुनः पूछताछ की तो छत्रपाल ने सच उगल दिया। पूछताछ में सुराग मिलने के बाद पुलिस ने छत्रपाल की क्रेटा कार को उसके मामा नुक्ता प्रसाद पुत्र (शेष पृष्ठ सात पर)



## 11 अपराधियों के खिलाफ की गुंडा एक्ट की कार्रवाई

हल्द्वानी। आपरेशन क्रैक डाउन अभियान के तहत बनभूलपुरा थाना पुलिस ने क्षेत्र के 11 अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। जिन व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है उनमें शिवम पुत्र रुप चन्द निवासी बाल्मीकि बस्ती जवाहरनगर, सैफ अली पुत्र हसीन उर्फ हथौडा निवासी गफूरबस्ती वार्ड 24, फरजन्द पुत्र इन्तजार खाँ निवासी आम का बगीचा गौजाजाली उत्तर, आमिर हुसैन पुत्र शमशाद हुसैन निवासी इन्द्रानगर छोटी लाइन, करन पुत्र लल्ला बाबू निवासी निकट फकीरान मस्जिद जवाहरनगर, वसीम अहमद पुत्र इकबाल अहमद निवासी उत्तर उजाला नमरा मस्जिद के पास, मुकेश कश्यप पुत्र महेश कश्यप निवासी चौधरी कालौनी, गौजाजाली वार्ड 59, राहुल बाल्मीकि पुत्र काली चरन निवासी गाँधीनगर वार्ड 27, मौ. खालिद पुत्र स्व. मौ. जाकिर उर्फ छोटे मोटे निवासी इन्द्रानगर वार्ड 32 साबरी मस्जिद के पास,तथा अजीम पुत्र सलीम निवासी गफूर बस्ती लाइन नंबर 17 बनभूलपुरा शामिल हैं।

## कांता रानी सुखीजा के निधन पर सीएम धामी और केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट ने जताया शोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराचंल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा की माताजी श्रीमती कांता रानी सुखीजा के निधन पर शोक व्यक्त करने का सिलसिला जारी है। इस बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने भी कांता रानी सुखीजा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है।मुख्यमंत्री धामी और केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि दुख की इस घड़ी में वो सुखीजा परिवार के साथ हैं। वहीं विधायक शिव अरोरा, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गावा, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, पार्षद मोहन खेड़ा, सुशील गावा, वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र तनेजा,गदरपुर के सभासद रोहित आहूजा,सचिन बत्रा,मनीष फुटेला,अरुण कुमार,रोहित पसरिचा,विजय कुमार,प्रदीप आहूजा,चंद्रशेखर पाठक,राजीव आहुजा, राजकुमार गुंबर, केशव सुखीजा, दीपिन सुखीजा, किशन बत्रा,अशोक जग्गा, देवीदयाल अनेजा,लकी अनेजा सहित दर्जनों लोगों ने घर पहुंचकर श्रीमती कांता रानी के निधन पर शोक व्यक्त किया और परिवार को ढांढस बंधाया।




**रस्म पगड़ी/तेरहवीं**



बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्यनीय माताजी

**श्रीमती कांता रानी सुखीजा**

**पत्नी स्वर्गीय श्री हरनाम दास सुखीजा**

का स्वर्गवास दिनांक 10 अप्रैल 2023 को हो गया है। उनकी आत्मा की शांति के लिए **रस्म पगड़ी/तेरहवीं** दिनांक 22 अप्रैल 2023 दिन शनिवार को दोपहर 2 से 3 बजे श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर(पांच मंदिर)में सम्पन्न होगी।

**शोकाकुल परिवार**


राधा—देवीदयाल अनेजा (पुत्री—दामाद)
कमलेश—राकेश गुंबर (पुत्री—दामाद)
सुनीता—राजेंद्र कक्कड़ (पुत्री—दामाद)
गीता—मनीष बत्रा (पुत्री—दामाद)
गोविंद राम हुड़िया (भाई)
l|[kh tk] gfM;k ,o

परम सुखीजा पम्मी (पुत्र)
संपादक उत्तरांचल दर्पण
स्व0 तिलक राज सुखीजा (पुत्र)
स्व0 शम्मी सुखीजा (पुत्र)
बलवीर सुखीजा (देवर)
मोहित,कपीश,शिवांश (पौत्र)

**उत्तरांचल दर्पण परिवार**

# वृद्धा की हत्या खुलासा: ब्याज पर पैसे देने मना किया तो पड़ोसी ने चाकू से रेत दिया था गला

देहरादून। प्रेमनगर में वृद्धा की हत्या के आरोप में पुलिस ने उसके पड़ोसी दुकानदार को गिरफ्तार किया है। पड़ोसी महिला से ब्याज पर पैसे लेने गया था। पहले महिला ने हां की, लेकिन कुछ देर बाद मना कर दिया। इस पर वह गुस्सा हो गया और सब्जी काटने वाले चाकू से महिला का गला रेत दिया। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसएसपी दलीप सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 12 अप्रैल को प्रेमनगर निवासी 78 वर्षीय मंजीत कौर का शव उनके ड्राइंग रूम में मिला था। उनकी गला रेतकर हत्या की गई थी। पता चला कि वृद्धा पैसे ब्याज पर देने का भी काम करती है। ऐसे में पुलिस ने जांच को इस दिशा में घुमा दिया। इस दौरान घटनास्थल के आसपास के करीब 350 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी चेक की गई। इस बीच पड़ोस में रहने वाले एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने सारा राज उगल दिया। आरोपी ने अपना नाम पंकज शर्मा उर्फ बंटी निवासी प्रेमनगर बताया। आरोपी ने बताया कि उसने 2010 में मोहल्ले में एक दुकान खोली थी। दुकान कुछ खास नहीं चलती थी। ऐसे में उसने 2022 में बंधन बैंक से 80 हजार रुपये का लोन लिया। इसके लिए पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने उसकी मदद की और लोन के 10 हजार रुपये चुकाए। यह महिला लोन में पार्टनर भी थी। इसके अलावा भी उसने कई जगहों से लोन लिया था। इस बीच कुछ पैसे इस महिला






से भी उसने उधार लिए थे। महिला को वृंदावन जाना था इस लिए वह पंकज पर पैसे वापस करने का दबाव बना रही थी। महिला के पैसे चुकाने के लिए वह 12 अप्रैल को सुबह साढ़े नौ बजे मंजीत कौर से पैसे ब्याज पर लेने गया था। पहले उन्होंने हां कर दी और कुछ देर बाद साफ मना कर दिया। इस पर वह गुस्सा हो गया। उस वक्त मंजीत कौर सब्जियां काट रही थीं। उसने उसी चाकू से मंजीत कौर का गला रेत दिया। इसके बाद उसने वॉश बेसिन पर हाथ धोए और वहां से भाग गया। एसएसपी ने बतया कि आरोपी पंकज को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। पंकज पैसे ब्याज पर लेने गया था, लेकिन शायद उसने पहले ही यह बात ठान ली थी कि वह इस कदम को भी उठा सकता है। ऐसे में वह घर के अंदर भी बड़े शातिराना ढंग से दाखिल हुआ। दरवाजे पर उंगलियों के निशान न आएं इसके लिए उसने मुठ्ठी बंद कर दरवाजा खोला था। हत्या के बाद जब कपड़े खून में सन गए तो उसने इन कपड़ों को भी बदल लिया। खून से सने कपड़ों को उसने अपने घर की सीढ़ियों के नीचे छुपा दिया। आरोपी ने कई लोगों से उधार लिया हुआ था। वह लोगों के तकादों से परेशान था। इसके लिए वह हर दो महीने में सिम बदल लेता था। ताकि, कोई उसे फिर फोन न करे। कई बार लोग उसके घर पैसे वापस लेने आते थे तो वह उनके साथ झगड़ा भी करता था। घटना के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उसने पुलिस को भी गुमराह किया। उसने पुलिस को अपने इशारे पर चलाने की भी खूब कोशिश की। आरोपी ने कई नशेड़ियों के नाम भी पुलिस को बताए कि वे महिला की हत्या कर सकते हैं। ऐसे में पुलिस ने इन सबसे पूछताछ की। जब उसकी ये हरकतें बढ़ गई तो पुलिस को शक हो गया। इसके बाद सीसीटीवी कैमरों में भी उसके घर की तरफ जाने की पुष्टि हो गई। लिहाजा, पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## स्प्रिट से बनी जहरीली शराब पीने से हुई थी 12 लोगों मौत

हरिद्वार। हरिद्वार में पिछले साल नौ व 10 नवंबर को पथरी के शिवनगर ग्राम पंचायत में 12 ग्रामीणों की हुई मौत स्प्रिट से बनी जहरीली शराब के सेवन से हुई थी। प्रयोगशाला से आई सैंपल की जांच रिपोर्ट से खुलासा हुआ है। स्प्रिट से बनी शराब बेहद जानलेवा होती है।ग्रामीण इलाकों में बिक्री के लिए कई लोग इसे बनाते हैं। पथरी में भी पंचायत चुनाव से ठीक पहले ग्रामीणों को स्प्रिट से बनी शराब परोसी गई थी। ग्रामीण इलाकों में अवैध शराब बनाई जाती है। पथरी कांड के बाद भी अवैध शराब बनाने का सिलसिला बंद नहीं हुआ है।आमतौर पर शराब बनाने के लिए एक निश्चित मात्रा में एथेनॉल का इस्तेमाल होता है, लेकिन अवैध शराब बनाने वाले एथेनॉल की जगह स्प्रिट, मिथाइल अल्कोहल, इथाइल अल्कोहल, यूरिया, ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का इस्तेमाल करते हैं। इससे नशा अधिक होता है और लागत कम आती है।शिव नगर ग्राम पंचायत के चर्चित शराब कांड में भी स्प्रिट से बनी शराब ही ग्रामीणों को बांटी और परोसी गई थी। शराब पीने से 12 लोगों की मौत से प्रदेशभर में हड़कंप मच गया था और कई लोग बीमार हुए थे। शिव नगर ग्राम पंचायत के फूलगढ़, शिवगढ़ और दुर्गागढ़ गांव के 12 लोगों की मौत पर तत्कालीन एसओ समेत कई पुलिसकर्मियों और आबकारी विभाग पर गाज गिरी थी।जहरीली शराब बांटने के आरोप में ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ रही बबली देवी व उसके पति बिजेंद्र व जेठ नरेश को आरोपी बनाया गया। तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ और जेल में रहते हुए बबली देवी चुनाव जीत गई। बबली देवी का पति बिजेंद्र और जेठ नरेश अभी जेल में ही है। एसआईटी प्रभारी एवं एसपी क्राइम रेखा यादव ने बताया कि घटना के दौरान शराब के सैंपल लिए गए थे। आबकारी विभाग ने सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे थे। उनकी जांच रिपोर्ट आ गई। रिपोर्ट में शराब स्प्रिट से बनी होने का खुलासा हुआ है। शराब कांड के मामले की जांच कर रही एसआईटी तीनों आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

## विनोद सिंघल फिर बने पीसीएफ

देहरादून। उत्तराखंड वन विभाग में हॉफ की कुर्सी को लेकरआज तस्वीर साफ हो गई है। विनोद कुमार सिंघल को फिर से प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) बनाया गया है। वहीं, राजीव भरतरी को वापस जैव विविधता बोर्ड भेजा गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश



के बाद बुधवार को शासन ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिए हैं। सोमवार को राजीव भरतरी ने प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) के तौर पर सामान्य कामकाज निपटाया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद माना जा रहा था कि शासन से निर्देश मिलने के बाद मंगलवार को विनोद कुमार सिंघल पुन: हॉफ की कुर्सी संभालेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ था।

## गर्भगृह से बाबा केदार के दर्शन के लिये पर्यटन विभाग ने स्लॉट सिस्टम बनाया

देहरादून। 25 अप्रैल से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा में यात्रियों की संख्या के हिसाब से ही उन्हें मंदिर के गर्भगृह से बाबा केदार के दर्शन की व्यवस्था कराई जाएगी। दर्शन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन विभाग ने स्लॉट सिस्टम बनाया है, जिसमें एक-एक घंटे के हिसाब से 1250 टोकन वितरित किए जाएंगे। केदारनाथ यात्रा के लिए अब सिर्फ आठ दिन का समय शेष रह गया है। यात्रा से जुड़े विभागों द्वारा यात्रा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि इस बार बीते वर्ष की तुलना में यात्री व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए गए हैं। सभी संसाधन पर्याप्त हैं, जरूरत सिर्फ बेहतर प्रबंधन की है। यात्रा तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कपाट के उद्घाटन से ही यात्रियों की संख्या के हिसाब से गर्भगृह से श्रद्धालुओं के दर्शन की व्यवस्था का निर्णय लिया जाएगा। वैसे, प्रतिदिन एक-एक घंटे के स्लॉट के हिसाब से 1250 श्रद्धालुओं को दर्शन की व्यवस्था की जा रही है, जिससे वह सभी गर्भगृह से दर्शन कर सकें। लेकिन, अगर यात्रियों का आंकड़ा प्रतिदिन 20 हजार या उससे अधिक पहुंचता है, तो उसके हिसाब से निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि केदारनाथ यात्रा में इस बार हेली एम्बुलेंस की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए शासन स्तर पर जरूरी कार्रवाई की जा रही है। बैठक में सीएमओ ने बताया कि सोनप्रयाग से केदारनाथ तक चार स्थानों पर उनके विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात रहेंगे। इसके अलावा रामबाड़ा से लिनचोली के बीच भी एक चिकित्सकीय टीम रहेगी, जो यात्रियों को स्वास्थ्य परामर्श देगी। प्रेसवार्ता में पर्यटन, पशुपालन, राजमार्ग, जलसंस्थान, नगर पालिका, नगर पंचायत, सुलभ इंटरनेशनल, गढ़वाल मंडल विकास निगम द्वारा भी अपनी-अपनी तैयारियों के बारे में बताया गया।

## सड़कों पर अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन हुआ सख्त,गरजी जेसीबी

देहरादून । दून की यातायात व्यवस्था को ध्वस्त करने के पीछे एक बड़ा कारण अतिक्रमण भी है। कहीं व्यापारिक प्रतिष्ठानों का सामान सड़क तक पसरा है तो कहीं सड़क और फुटपाथ पर खोखे आदि खड़े कर दिए गए हैं। अतिक्रमण पर पुलिस और संबंधित विभागों की चुप्पी के चलते ट्रैफिक जाम से आम से लेकर खास तक आजिज आ चुके हैं। यातायात सुधार की दिशा में मुख्य सचिव के तेवर लंबे समय से तल्ख हैं और अब जिला प्रशासन का सब्र भी जवाब दे गया। अतिक्रमणकारियों को सबक सिखाने के लिए जिलाधिकारी ने प्रमुख सड़कों और चौराहों पर एक साथ 40 अधिकारियों की टीम उतार डाली। शहर को पांच जोन में बांटकर तीन घंटे तक ताबड़तोड़ कार्रवाई कर 75 अतिक्रमण हटाए गए। जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशन में सभी जोन सोमवार दोपहर को एक साथ कार्रवाई शुरू की गई। सफेदपोशों के दबाव से कार्रवाई को बचाने के लिए अंतिम समय तक प्रशासन ने पत्ते नहीं खोले। ताकि अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ वास्तविक स्थिति का भी पता चल सके। तमाम सड़कों पर हालात विकट देखने को मिले। कहीं सड़क, फुटपाथ और चौराहों पर व्यापारिक प्रतिष्ठानों का सामान पाया गया, तो कहीं खोखे व अन्य निर्माण किए गए थे। यहां तक कि सड़कों पर निर्माण सामग्री भी यातायात में व्यवधान पैदा कर रही थी। बड़ी संख्या में अलग-अलग अधिकारियों की उपस्थिति और भारी फोर्स की तैनाती के चलते किसी ने विरोध का साहस भी नहीं जुटाया। जिलाधिकारी (डीएम) सोनिका के मुताबिक यह अतिक्रमण हटाने का प्रथम चरण था। इसके तहत जनता की शिकायतों वाले स्थलों पर कार्रवाई की गई। यह स्थल प्रमुख सड़कों और चौराहों से संबंधित थे। इन क्षेत्रों की निगरानी की जाती रहेगी। साथ ही अगले चरण में शहर के अंदरूनी भाग की प्रमुख सड़कों/लिंक रोड पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## सतपाल महाराज ने सचिवों की सीआर लिखने का मामला उठाया

देहरादून। धामी सरकार के मंत्रियों ने सचिवों की सीआर लिखने के अधिकार की मांग फिर से उठाई है। मंगलवार को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने यह मसला उठाया तो बाकी मंत्रियों ने उनके समर्थन में सुर मिलाए। इस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव डॉ.एसएस संधु को कैबिनेट की अगली बैठक में इसका प्रस्ताव लाने के निर्देश दिए। सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री महाराज ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि मंत्रियों को सचिव की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि लिखने का अधिकार होना चाहिए। वह इस मसले को पहले ही कैबिनेट के संज्ञान में



ला चुके हैं। लेकिन अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं हुआ। महाराज के मसला उठाने के बाद कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सुबोध उनियाल समेत सभी मंत्रियों ने उनके प्रस्ताव का समर्थन किया। मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल सहयोगियों को आश्वस्त किया कि इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, कैबिनेट बैठक संपन्न होने के बाद मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को अपने कार्यालय में बुलाया और सचिवों की सीआर के संबंध में जानकारी मांगी। उन्होंने मुख्य सचिव को कैबिनेट की अगली बैठक में सीआर से संबंधित प्रस्ताव लाने के निर्देश दिए।

# एफडीए की टीमों ने छापेमारी में पकड़ा 400 किलो मिलावटी पनीर

देहरादून। स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत और आयुक्त डा. आर राजेश कुमार ने भी अधिकारियों को चारधाम यात्रा मार्ग पर खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में एफडीए की दो टीमों ने सोमवार सुबह अलग-अलग स्थानों पर अभियान चलाया। इस दौरान 400 किलो मिलावटी पनीर पकड़ा गया। जिसे नगर निगम की मदद से ट्रंचिंग ग्राउंड में जेसीबी से नष्ट किया गया। अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह का अभियान चलाया जाएगा। दून व आसपास के क्षेत्रों में राज्य के बाहर से सप्लाई होने वाले दूध व दुग्ध उत्पादों की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की दो टीमें गठित की गई। पहली टीम का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा विभाग के उपायुक्त जीसी कंडवाल व दूसरी टीम का नेतृत्व गढ़वाल मंडल उपायुक्त राजेंद्र सिंह रावत ने किया। टीम ने एफडीए विजिलेंस के साथ अलग-अलग स्थानों पर अभियान चलाकर दूध व दुग्ध उत्पादों की जांच की। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी पीसी जोशी ने बताया कि टीम ने धर्मपुर-डांडा स्थित एक स्टोर में छापा मारा, जिसमें एक कमरे में डीप फ्रिजर में धर्मेंद्र व शुभम नाम के व्यक्तियों ने दो कुंतल पनीर रखा हुआ



था। पूछताछ में उन्होंने बताया कि यह पनीर इरशाद नाम का व्यक्ति रामपुर मनिहारान, सहारनपुर से लाया था। जिसको प्राइवेट वैन से देहरादून व मसूरी के होटलों व रेस्तरां में सप्लाई किया जाना था। पनीर रिफाइंड तेल, आरारोट आदि मिलाकर तैयार किया गया था। वहीं, छह नंबर पुलिया पर अफजल व पिंकू कुमार नाम के दो व्यक्तियों से वैन में लाया जा रहा दो कुंतल पनीर भी एफडीए की टीम ने पकड़ा। इस तरह अलग-अलग स्थानों से पकड़े गए चार कुंतल मिलावटी पनीर को जेसीबी चलाकर नष्ट किया गया। इसके अलावा पनीर, मावा व मसाला के आठ सैंपल एकत्र कर गुणवत्ता जांच के लिए रुद्रपुर स्थित लैब भेजे गए हैं। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि लैब से जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान चलाने वाली टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू रावत, रमेश सिंह, संजय तिवारी, विजिलेंस इंस्पेक्टर जगदीश रतूड़ी व कांस्टेबल योगेंद्र भी शामिल रहे।पिछले दो साल में दून में जब भी मिलावटी पनीर की बड़ी खेप पकड़ी गई, इसका सप्लायर एक ही रहा है। सप्लाई रामपुर मनिहारन से की जा रही है। बीते साल अप्रैल में नेहरू कालोनी में एक मिल्क वैन में 500 किलो मिलावटी पनीर पकड़ा गया था। यह पनीर भी रामपुर मनिहारन से लाया गया था। इससे पहले आइटी पार्क क्षेत्र में 180 किलो मिलावटी पनीर पकड़ा गया था। इसका सप्लायर भी वही था। मिलावटी पनीर की सप्लाई के लिए दून में एजेंट सक्रिय हैं। ये एजेंट बार-बार अपना ठिकाना बदल रहे हैं। ये लोग डेयरी आदि नहीं खोलते, बल्कि अलग-अलग जगह कमरे किराये पर लेते हैं। वहां डीप फ्रिजर आदि की व्यवस्था कर पनीर स्टोर किया जाता है। इसे फुटकर में बेचने के बजाय थोक में सप्लाई किया जाता है। मुख्यत: यह पनीर बड़े होटल व रेस्टोरेंट में सप्लाई किया जा रहा है।

## महंगी किताबों की शिकायत पर 34 निजी स्कूलों ने नहीं दिया जवाब

नैनीताल। निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें लगाने की शिकायतों पर शिक्षा विभाग सख्त नजर आ रहा है। शिक्षा विभाग की तरफ से 54 निजी स्कूलों को छब्म्त्ज के अलावा अन्य किताबें मिलने की शिकायत के बाद नोटिस भेजा गया था। इसमें से 20 स्कूलों ने नोटिस के जवाब दे दिए हैं। जबकि 34 पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है।बता दें अभिभावकों से निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदवाने का आरोप लगा था। अभिभावकों की शिकायत के बाद शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए 54 निजी स्कूलों को नोटिस दिए थे। इनमें से 34 स्कूलों ने अभी कोई जवाब नहीं दिया है।समय सीमा बीतने के बाद शिक्षा विभाग एक बार फिर नोटिस का जवाब देने के लिए शिक्षा विभाग को याद दिला रहा है। अगर इसके बाद भी स्कूलों की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया जाता तो शिक्षा विभाग की ओर से कार्रवाई की जा सकती है। जानकारी के मुताबिक नैनीताल के मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत ने बताया की किताबें खरीदवाने के आरोप में स्कूलों को नोटिस दिए गए थे। जिन स्कूलों की ओर से अभी तक जवाब नहीं आए हैं उन पर कार्रवाई की जा सकती है।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे– छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

मकान बिकाऊ
भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
मो. 7017360462

# किच्छा विधानसभा क्षेत्र में बिछेगा सड़को का जाल: बेहड़

किच्छा( उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा बताया कि उनके द्वारा पूर्व में किये गये प्रयासो से उत्तराखंड शासन द्वारा विधानसभा किच्छा में 4 सड़कों के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी है। जिसमें गांधी भवन हॉस्टल से टैगोर भवन हॉस्टल तक 2.5 किलोमीटर सडक का हॉट मिक्स द्वारा निर्माण कार्य, कार्य लागत 3.14 करोड़ रूपये, एयरपोर्ट से नगला गेट तक 5 किलोमीटर सड़क का हॉट मिक्स द्वारा निर्माण कार्य कार्य लागत 3.47 करोड़, केंद्रीय विशेष सहायता



योजना के अंतर्गत नगला लालपुर मार्ग का नवीनीकरण के लिए जिसकी लंबाई 9.6 किलोमीटर तथा लागत 3.35 करोड, गंगापुर खेड़ा मार्ग का नवीनीकरण जिसकी लम्बाई 7.26 किलोमीटर लागत 1. 71 करोड़ आदि शामिल है। विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि वे किच्छा विधानसभा की सड़को के निर्माण कराये जाने हेतु काफी चिंतित रहते है तथा उन्होंने अनेको सड़को के निर्माण हेतु सम्बंधित विभागो के मंत्रियो को लिखित में भी निर्माण कराये जाने हेतु अनुरोध किया है तथा उक्त चार सड़कों के निर्माण कार्य के प्रस्ताव स्वीकृत कराए जाने हेतु लोक निर्माण विभाग मंत्री सतपाल महाराज व जिला ऊधम सिंह नगर के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी का हार्दिक आभार जताया और कहा कि उन्होंने दोनों ही मंत्रियों से मुलाकात इन सड़कों के प्रस्ताव भेजे थे, जिन के निर्माण की स्वीकृति संबंधित विभागों को प्राप्त हो चुकी है और कहा कि शीघ्र हि किच्छा विधानसभा में सड़कों का जाल बिछाया जाएगा वे अपने 1 वर्ष के कार्यकाल में लगभग 25 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति करा चुके हैं तथा अन्य सड़कों पर निर्माण हेतु भी शीघ्र से शीघ्र स्वीकृति शासन द्वारा प्राप्त करा कर लाएंगे तथा पंतनगर व किच्छा के शहरी वा ग्रामीण क्षेत्रों की जर्जर सड़कों का शीघ्र निर्माण कराए जाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक निधि से तो काम होंगे ही अन्य योजनाओं से भी कार्य कराए जायेंगे।

# फड़ व्यापारियों ने लगाई पुनर्वास की गुहार

किच्छा( उद संवाददाता)। अमृत काल में रेलवे के विस्तारीकरण के कारण रेलवे की बाउंड्री से सटे व्यापारियों को हटाए जाने के लोक निर्माण विभाग के आदेश के बाद मचे हडकम्प के बीच फड़ खोखा व्यापारियों ने विधायक तिलक राज बेहड़ के दरबार में पहुंचकर अन्यत्र बसाए जाने की गुहार लगाई।विधायक तिलक राज बेहड़ ने मध्यस्थता करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर व्यापारियों को अतिरिक समय देने की मांग की तथा नगर पालिका अध्यक्ष को व्यापारियों के पुनर्विस्थापन के लिए स्थान चयनित करने को कहा है।जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली व विधायक प्रतिनिधि गौरव बिहार के अध्यक्षता में फड़ खोखा व्यापारियों की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें तय किया गया कि अमृत काल योजना के तहत रेलवे का सुंदरीकरण एवं





विस्तारीकरण प्रस्तावित है जिसके तहत रेलवे बाउंड्री से लगे व्यापारियों को हटाया जाना है इसके लिए हटाने से पूर्व व्यापारियों के पुनर्वासन हेतु भूमि चयन की जाएगी तथा अतिक्रमण हटाने की तिथि को आगे बढ़ाया जा रहा है भूमि चयन होते व्यापारियों को विस्थापित कर दिया जाएगा तथा चिन्हित अतिक्रमण हटाया जाएगा। विधायक प्रतिनिधि गौरव ने बताया कि गत दिवस व्यापारियों ने विधायक तिलक राज बेहड़ से वार्ता की थी जिस पर विधायक बेहड़ ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से वार्ता कर अतिक्रमण के दायरे में आ रहे व्यापारियों को समय देने की बात कही जिसे लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सभी फड़ व्यापारियों को फॉरी राहत दे दी।

# विधायक पांडे की बनाई फर्जी ट्विटर आईडी बनाने वालों पर मुकदमा दर्ज

गदरपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री व विधायक अरविंद पांडे के नाम से ट्विटर फेक आईडी बनाने वाले के विरुद्ध अवमानना को लेकर केस दर्ज कराया है। विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि मेरे नाम से फेक आईडी बनाकर मेरे पद एवं नाम का दुरुपयोग किया जा रहा है जिससे मेरे व्यक्तिगत एवं छवि को खराब करने का षड्यंत्र की साजिश रची गई है। साथ ही विधानसभा क्षेत्र में मुझे बदनाम करने का प्रयास किया गया है उन्होंने पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार से शिकायत कर संबंधित आरोपी के विरुद्ध सोशल साइट पर छवि को धूमिल करने की बात कही है। थानाध्यक्ष ने मामले को गंभीरता से देखते हुए अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

# उत्तराखंड में 139 लोग कोरोना संक्रमित

देहरादून। उत्तराखंड में पिछले तीन माह में मंगलवार को एक दिन में कोरोना के सर्वाधिक 139 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 350 पर पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, बीते 24 घंटे में सामने आए 139 मरीजों में सर्वाधिक 69 देहरादून के हैं। इसके अलावा नैनीताल के 28, टिहरी व उत्तरकाशी के नौ–नौ, अल्मोड़ा के पांच, बागेश्वर व पिथौरागढ़ के चार–चार, चंपावत के तीन, पौड़ी के दो और हरिद्वार के छह मरीज शामिल हैं। वहीं, मंगलवार को कोरोना संक्रमित 88 मरीज स्वस्थ भी हुए। अब प्रदेश में कोरोना के 350 सक्रिय मामले हैं।

# कुलपति ने छात्रावासों का किया औचक निरीक्षण

पंतनगर। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के सुभाष और स्वर्ण जयंती भवन की छात्राओं ने समान समयावधि, भेदभाव खत्म करने सहित पांच सूत्री मांग के लिए रविवार को छात्रावास के बाहर धरना दिया था। काफी हंगामे के बाद विवि प्रशासन के आश्वासन पर धरना खत्म कर दिया गया। इन छात्रावासों में मंगलवार को पहुंची महिला आयोग की उपाध्यक्ष सायरा बानो के भ्रमण के बाद शाम को कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने छात्रावास का औचक निरीक्षण कर छात्राओं से अकेले में वार्ता की। कुलपति डॉ. चौहान ने छात्राओं से उनकी परेशानियों और शिकायतों की जानकारी ली। इसके बाद कई छात्राओं से बातचीत में उन्होंने कुलपति से हुई वार्ता के बारे में बताने से इनकार कर दिया। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने वार्डन और छात्राओं से पूछताछ की है। छात्राओं ने धरने के दौरान कई गंभीर आरोप भी विवि के नियमों को लेकर लगाए थे लेकिन विवि प्रशासन ने नियम में कोई भी परिवर्तन न करने की बात कही है।

# रोजगार मेले का आयोजन 26 अप्रैल को

अल्मोड़ा( उद संवाददाता)। क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी भगवती धर्मसत्तू ने बताया कि नौएडा की कंपनी द्वारा दिनॉक 26 अप्रैलको प्रात: 10:30 बजे से मॉडल कैरियर सैन्टर, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, अल्मोड़ा में एकदिवसीय रोजगार मेले का आयोजन ट्रेनी के नियमित पदों हेतु किया जा रहा है, अभ्यर्थियों का चयन कम्पनी द्वारा साक्षात्कार परीक्षा के आधार पर नोएडा, रेवाड़ी, पुणे तथा बैंगलूर में कार्य करने हेतु किया जायेगा। ट्रेनी के 500 पदों हेतु शैक्षिक योग्यता 10वीं, 12वी, आईटीआई, बी0टेक0 (मैकेनिकल) तथा आयु सीमा 18 से 28 वर्ष है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अर्ह अभ्यर्थी दिनॉक 26 अप्रैल को प्रात: 10 बजे मॉडल कैरियर सेन्टर क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में अपने शैक्षिक योग्यता के समस्त मूल प्रमाण पत्र, छाया प्रतियों, बायोडाटा, सीवी एवं 02 पासपोर्ट साईज फाटोग्राफ के साथ उपस्थित हो सकते है इसके लिए काई भी मार्ग व्यय देय नहीं होगा तथा रोजगार मेले हेतु अभ्यर्थी अपना पंजीकरण www-ncs-gov-in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाईन करें।

# 200 एमएल टेट्रा पैक में शराब की बिक्री पर रोक

नैनीताल। हाई कोर्ट ने आबकारी नीति–2023 की धारा–5.5 के अंतर्गत 200 एमएल शराब टेट्रा पैक में बिक्री पर फिलहाल रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि इससे पर्यावरण को नुकसान होगा, सरकार बताए कि किस अध्ययन या शोध के बाद यह निर्णय लिया गया है। अगली सुनवाई 21 अप्रैल को होगी। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ में चम्पावत के नरेश चंद्र की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें कहा गया है कि आबकारी नीति की यह धारा पर्यावरण को नुकसान करेगी। एक तरफ सरकार प्लास्टिक के उन्मूलन को कार्यक्रम चला रही, दूसरी तरफ टेट्रा पैक के माध्यम से इसको प्रमोट कर रही है। सरकार की ओर से सीएससी चंद्रशेखर रावत ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि दूध, छांछ सहित तमाम उत्पाद टेट्रा पैक में ही बेचे जा रहे हैं। सरकार ने सोच समझकर यह निर्णय लिया है। कोर्ट ने कहा कि हर माह एक करोड़ टेट्रा पैक बिकेंगे तो इससे गंदगी होगी और पर्यावरण को नुकसान होगा।

# हल्द्वानी में सैकड़ों घरों में पेयजल संकट बढ़ने से लोग परेशान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।नगर के वार्ड 59की गणपति विहार फेस वन, गणपति विहार फेस टू, जोशी विहार, शनि बाजार गेट के सामने, आम का बगीचा, चौधरी कॉलोनी के 200 से अधिक घरों में पानी की समस्या बनी हुई है। वार्ड पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने इस मामले में रोष जाहिर करते हुए कहा कि कभी विभाग तीन टैंकर, कभी पांच टैंकर तो कभी कभी भेज भी नहीं रहा है। विभागीय अधिकारी एमसी जोशी कभी फोन उठाते हैं तो कभी नहीं उठाते हैं। पर्याप्त संख्या में टैंकर के लिए आनाकानी करते रहते हैं। वार्ड की पब्लिक बहुत ज्यादा परेशान है। अगर समस्या का हल नहीं निकाला गया तो वह पब्लिक को लेकर आंदोलन करेंगे उसकी जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी।उनका कहना है कि पानी की वजह से बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। इधर रमजान मैं लोगों को बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है जो अधिकारियों की बहुत बड़ी लापरवाही है।

# सांसद टम्टा ने योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। क्षेत्रीय सांसद अजय टम्टा द्वारा जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संबंधित अधिकारियों के साथ ली गयी। बैठक में सांसद श्री टम्टा ने केंद्र पोषित योजना मनरेगा, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सर्व शिक्षा अभियान आदि योजनाओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मनरेगा की समीक्षा के दौरान सांसद श्री टम्टा ने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि मनरेगा के तहत किए जा रहे विकास कार्यों का विवरण ग्राम पंचायतवार उन्हें उपलब्ध कराया जाए ताकि पता चल सके कि मनरेगा के तहत जनपद की किस ग्राम पंचायत में कितने कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत सभी जॉब कार्ड धारकों को 100 दिन का रोजगार अवश्य दिया जाए। मनरेगा के अंतर्गत बनाए जा रहे अमृत सरोवरों (तालाबों) के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान सांसद ने निर्देश दिए कि जो भी तालाब बनाए जा रहे हैं उन्हें बहते जलस्रोतों/ धारों से जोड़ा जाए ताकि तालाबों में वर्ष भर पानी रहे और वे सूखने न पायें। सांसद ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में बंजर पड़ी भूमि पर जड़ी–बूटी उत्पादन व पोपलर जैसे वृक्षों का उत्पादन कार्य मनरेगा व स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आरम्भ किया जाए इससे लोगों को अच्छी आय प्राप्त होगी। वहीं बंजर भूमि का सदुपयोग हो सकेगा। सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा के दौरान सांसद श्री टम्टा ने शिक्षा की नई तकनीकियों का प्रयोग कर शिक्षण कार्य को रोचक बनाए जाने के निर्देश मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिए। वहीं उन्होंने क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों के सुदृढ़ीकरण कार्य का प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किए जाने के निर्देश भी मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिए। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान सांसद द्वारा जल जीवन के मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इसके अलावा सांसद द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि की समीक्षा की गई तथा कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी रीना जोशी द्वारा सांसद का धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा आश्वस्त किया गया कि उनके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में विधायक डीडीहाट बिशन सिंह चुफाल, अध्यक्ष जिला पंचायत दीपिका बोहरा, मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित थे।




## सर्वसाधारण को सूचना

परिषद् की आवास योजना, रुद्रपुर में स्थित दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या–बी–368 क्षेत्रफल–40.92 वर्ग मीटर कार्यालय के प्रदेशन पत्र संख्या –3803 / सं.प्र. / दिनांक– 27–07–1983 द्वारा श्री राजकुँवर सिंह पुत्र श्री बाबू सिंह के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भवन का भौतिक कब्जा परिषद से दिनांक– 22.12.1983 को स्वयं प्राप्त कर लिया गया था। आवंटी द्वारा आवश्यक विलेखों के निष्पादनोपरान्त उक्त भवन का विक्रय विलेख परिषद से अपने पक्ष में दिनांक 04.01.2002 को निष्पादित करा कर, उप–निबन्धक कार्यालय किच्छा में दिनांक 09.01.2002 को पंजीकृत करा लिया था। आवंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती शारदा राठौर पत्नी श्री राम प्रसाद राठौर के पक्ष में किया गया था। श्रीमती शारदा राठौर पत्नी श्री राम प्रसाद राठौर के पक्ष में उक्त भवन का नामान्तरण कार्यालय के आदेश संख्या–1138 दिनांक –31.12.2002 द्वारा किया गया था।

श्री राम प्रसाद राठौर पुत्र स्व. श्री नारायण दास ने अपने प्रार्थना पत्र के द्वारा सूचित किया है कि उनकी पत्नी श्रीमती शारदा रानी पत्नी श्री राम प्रसाद राठौर की मृत्यु दिनांक 02.11.2016 को हो गयी है, तथा अपने श्री राम प्रसाद राठौर पुत्र स्व. श्री नारायण दास के पक्ष में उक्त भवन का अन्तरण कराना चाहते है।

यदि किसी व्यक्ति को परिषद की आवास योजना, रूद्रपुर में स्थित दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या – बी–368 का अन्तरण श्री राम प्रसाद राठौर पुत्र स्व. श्री नारायण दास के पक्ष में किये जाने में कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति विधि साक्ष्यों, प्रमाण पत्रों सहित कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्ध अधिकारी, उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद्, आवास विकास कालोनी, जसपुर, ऊधमसिंह नगर में प्रस्तुत करने का कष्ट करें। उक्त निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर परिषद नियमानुसार उक्त भवन का अन्तरण श्री राम प्रसाद राठौर पुत्र स्व0 श्री नारायण दास के पक्ष में कर दिया जायेगा तथा बाद में किसी व्यक्ति का किसी प्रकार का कोई भी क्लेम (दावा) परिषद को मान्य नहीं होगा।

अधिशासी अभियन्ता,
उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद

# पात्रों तक पहुंचायें जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

## केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहाः सड़क एवं विभिन्न निर्माण योजनाएं समयबद्धता एवं गुणवत्ता से पूर्ण की जाये

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को मिले। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क एवं विभिन्न निर्माण योजनाएं समयबद्धता एवं गुणवत्ता से पूर्ण की जाये ताकि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति से जनता को समय से लाभ मिल सके। बैठक में काशीपुर के विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने ऑवर ब्रिज निर्माण कार्य में देरी पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्माण कार्य में देरी के कारण होने वाली विभिन्न समस्याओं को बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिस पर श्री भट्ट ने अधिशासी अभियंता एनएच से नाराजगी जाहिर करते हुए स्थानीय विधायक, उप जिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक के साथ संयुक्त निरीक्षण करने तथा रोड व निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति, पूर्व में निर्धारित कार्य पूर्ण होने की अवधि, वर्तमान मे बढ़ाई गई अवधि, ठैकेदार को ब्लैक लिस्ट एवं टर्मिनेशन करने, अभी तक कार्य पूर्ण न कर पाने में आ रही अड़चनों आदि सहित विभिन्न बिन्दुओं पर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश अधिशासी अभियंता एनएच को दिये। उन्होंने रामपुर-काठगोदाम तथा रूद्रपुर बायपास निर्माण कार्य को शीघ्रता से शुरू कराने के निर्देश परियोजना निदेशक एनएच को दिये। मेयर रामपाल सिंह



तथा विधायक शिव अरोरा ने जल कनैक्शन संयोजन राशि नगर निगम द्वारा वहन किये जाने की स्वीकृति के साथ ही अमृत योजनान्तर्गत लगभग 18 माह पूर्ण होने के बावजूद जनता को जल कनैक्शन न मिलने की शिकायत की। जिस पर श्री भट्ट ने सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए पेयजल निगम तथा जल संस्थान के अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिये कि नगर निगम के साथ आपसी तालमेल से कार्य करते हुए जनता को पेयजल कनैक्शन शीघ्रता से देना सुनिश्चित करें। उन्होंने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चल रहे निर्माण कार्यों को समयबद्धता एवं गुणवत्ता से पूर्ण करने के निर्देश जल निगम के अभियंताओं को दिये।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला चिकित्सालय एवं समस्त स्वास्थ्य केन्द्रो में जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए एवं यह सुनिश्चित करे कि स्वास्थ्य संस्थाओ, केन्द्रो में सभी उपचार उपकरण एवं सामग्री क्रियाशील रहे। उन्होंने जिला चिकित्सालय हेतु एक अल्ट्रासाउण्ड मशीन का प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। उन्होंने इएसआई हॉस्पिटल की वार्षिक ओपीडी, रिक्त व स्वीकृत पदों, विभिन्न उपकरणों आदि की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश सम्बन्धित डॉक्टर्स को दिये। जसपुर क्षेत्र के विधायक आदेश चौहान ने आसपुर में धांधली करने वालों से अभी तक वसूली न करने तथा मनरेगा कार्यों में धांधली की शिकायत की, जिस पर श्री भट्ट ने दोषियों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करने व धनराशि वसूलने तथा मनरेगा के अन्तर्गत चल रहे कार्यों में धांधली की शिकायत मिलने पर तुरन्त मनरेगा लोकपाक को अग्रसारित करने तथा स्वंय भी कार्यवाही जारी रखने के निर्देश जिला विकास अधिकारी को दिये। उन्होंने मनरेगा के अन्तर्गत इच्छुक व्यक्तियों को 100 का रोजगार मुहैया कराने की व्यवस्था करने के निर्देश भी जिला विकास अधिकारी को दिये। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि विधायक द्वारा दिया गया प्रस्ताव जिला योजना में सहमति होने पर किसी भी दशा में जिला योजना से बाहर न किया जाये बल्कि धनराशि आवंटित करते हुए योजना को पूर्ण किया जाये। उन्होंने जनपद में खराब स्थिति में पड़े हैण्ड पम्पों की सूची जनप्रतिनिधियो से समन्वय स्थापित करते हुए तैयार कराने, जल जीवन मिशन कार्यों हेतु खोदी जा रही सड़कों को समय से सही कराने, रूद्रपुर में केन्द्रीय विद्यालय हेतु भूमि चिन्हित करने, सफेद राशन कार्डों का समयबद्धता से भौतिक सत्यापन किये जाने आदि के बारे मे बताया, जिस पर श्री भट्ट ने सम्बन्धित अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। विधायक शिव अरोरा ने क्षेत्र में कम से कम 25 फायर हाईड्रेण्ट लगाने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। श्री भट्ट ने विद्युत विभाग द्वारा लाइन लोस कम करने, स्मार्ट मीटर लगाने हेतु शुरू की गई नई योजना के बारे मे विस्तार से जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश विद्युत विभाग के अभियंताओं को दिये। इसके साथ ही श्री भट्ट ने मिड डे मिल, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पीएम आवास योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, पीएम आदर्श ग्राम योजना, अमृत योजना, ई-नाम, पीएम कौशल विकास योजना, पीएमईजीपी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि के बारे में गहनता से समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिये। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, त्रिलोक सिंह चीमा, आदेश सिंह चौहान, मेयर रामपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख ममता जल्होत्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, गुंजन सुखीजा, जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त, एसएसपी मन्जूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, डीएफओ संदीप कुमार,उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, पीडी हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, नगर आयुक्त विवेक राय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमीन, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार सहित अमित नारंग, योगेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

## ग्राम प्रधानों और अधिकारियों के साथ किया संवाद

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।विकासखण्ड ताड़ीखेत के सभागार में विशेष कार्याधिकारी देहरादून ललित मोहन आर्य द्वारा ग्राम प्रधानों व जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जनसंवाद किया। जनसंवाद के दौरान जनप्रतिनिधियों ने राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं में आ रही व्यवहारिक समस्याओं को प्रमुखता से रखा, जिसमें जल जीवन मिशन योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, पर्यटन विभाग, समाज कल्याण, मनरेगा आदि विभागों से सम्बन्धित थी। इस दौरान



लोगों द्वारा आवारा जानवरों व जंगली जानवरों द्वारा कृषि व्यवसाय जो काफी प्रभावित हो रहा है से अवगत कराया। जिस पर विशेष कार्याधिकारी द्वारा अवगत कराया कि इस बिन्दु को शासन स्तर पर प्रमुखता से रखा जायेगा। इस दौरान उन्होंने संचालित योजनाओं से सम्बन्धित सूचनाओं व आकड़ों की जानकारी सम्बन्धित अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने कहा कि जनपद में संचालित योजनाओं की कार्य प्रगति की सूचना व उनमें आ रही व्यवहारिक समस्याओं को शासन के सम्मुख रखा जायेगा। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख हीरा रावत, जिला विकास अधिकारी के0एन0 तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी ललित महावर सहित जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## अवैध खनन के खिलाफ चला संयुक्त अभियान

बाजपुर(उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह के नेतृत्व में राजस्व,खनन तथा परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध खनन के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाकर कार्यवाही की। जनपद में अवैध खनन के खिलाफ अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में प्रात: 5बजे से 12 बजे तक जनपद के विभिन्न स्थानों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। इस दौरान खनन कारोबारियों में हड़कंप मचा रहा। अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन की टीम ने एक और जहां सीमावर्ती राज्य से सटे कोसी नदी क्षेत्र में उतर कर कार्यवाही की, वहीं विभिन्न मार्गों पर भी गहनता से चौकिंग अभियान चलाया गया। अपर जिलाधिकारी ने



अवैध खनन क्षेत्र की पेमाइश करने के निर्देश राजस्व विभाग की टीम को दिए। छापेमारी के दौरान एक जेसीबी, 13 डंपर, 6 ट्रैक्टर ट्राली, पानी निकासी हेतु उपयोग किए जा रहे 5 पम्प सेट व एक मोटर साइकिल जब्त की। छापेमारी टीम में उप जिलाधिकारी राकेश तिवारी, उप निदेशक खनन दिनेश कुमार, तहसीलदार अक्षय कुमार, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी, एआरटीओ काशीपुर सहित बाजपुर व काशीपुर क्षेत्र की राजस्व विभाग की टीमें शामिल थी।

## ब्राम्हण महासभा ने मीना शर्मा को किया सम्मानित

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल श्री मनकामेश्वर मंदिर कल्याण आश्रम में पहुंचने पर ब्राह्मण महासभा के सदस्यों द्वारा श्रीमती शर्मा का पीत वस्त्र डालकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर भव्य स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती शर्मा ने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रुद्रपुर इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए अध्यक्ष रविंद्र शर्मा और महामंत्री संजीव शर्मा सहित उनकी पूरी टीम को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं



दी है। बाद में श्रीमती शर्मा ने क्विज कंपटीशन में विजेता बच्चों को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर आयोजित परशुराम लक्ष्मण संवाद के सभी कलाकारों सहित घनश्याम गुप्ता विजय गुप्ता आशीष ढांडा और अनिल शर्मा का आभार भी व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्राह्मण और उनके परिजन सहित नितिन कौशिक, सुरेश शर्मा, जुगल किशोर गोस्वामी ,पुनीत तिवारी, नागेश त्रिपाठी, हिमांशु शुक्ला, ललित मोहन उप्रेती, संजीव शर्मा, एडवोकेट सुनील शर्मा, पंडित सुरेश शर्मा आदि उपस्थित थे ।सफल संचालन डॉक्टर राहुल भारद्वाज द्वारा किया गया ।

# महंगी किताबों की शिकायत पर होगी कार्यवाही:पाण्डे

## गदरपुर में बीईओ ने ली निजी स्कूल संचालकों की बैठक

गदरपुर (उद संवाददाता)।निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकें लागू करने तथा अभिभावकों से अतिरिक्त फीस न वसूलने को लेकर बीईओ भास्करानंद पांडे ने निजी स्कूलों के



संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने स्कूलों के संचालकों को सख्त हिदायत देकर नियमों के आधार पर ही स्कूल संचालित करने को कहा। साथ ही शिकायत पाये जाने पर कार्रवाई की बात कही। मंगलवार को चकरपुर के प्राइमरी स्कूल में बीईओ ने स्कूल संचालकों की बैठक ली। बीईओ भास्करानंद पांडेय ने कहा कि लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कुछ स्कूलों के द्वारा एनसीईआरटी की पुस्तकें लागू नहीं की जा रही हैं और बच्चों के अभिभावकों से अतिरिक्त फीस वसूली की जा रही है। निजी विद्यालयों के संचालकों को निर्धारित फीस और एनसीईआरटी की पुस्तकें लागू करने के निर्देश दिए गए हैं यदि संचालकों के द्वारा पालन नहीं किया गया तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बीईओ भास्करानंद पांडे ने और कहा कि शिक्षा का अधिकार सभी को है ऐसे में कुछ निजी विद्यालय नियमों को ताक पर रखते हुए अपने अपने स्कूल संचालित कर रहे हैं जो सही नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यालयों की सूची बनाई जा रही है तथा समय समय पर ऐसे विद्यालयों की जांच की जायेगी यदि जांच के दौरान कमी पाई गई है तो फिर

> सभी स्कूल प्रबंधन को उच्च न्यालय तथा सरकार के आदेशों को मानने के लिए प्रेरित किया गया। फिर भी यदि अवहेलना करते हुए पाया गया तो स्कूल पर कार्यवाही की जाएगी।
>
> **भाष्करानंद पाण्डे, बीईओ**
> **गदरपुर उधम सिंह नगर**

कार्रवाई की जायेगी साथ ही मान्यता भी रद्द की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालय नियमों में रहकर ही कार्य करें।वही कुछ स्कूल प्रबंधकों ने नाम ना लेते हुए कहा है कि एनसीईआरटी की पुस्तकें उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिससे विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं । इस मौके पर समन्वयक मोहनलाल,जी.जी. आईसी. सकैनिया प्रधानाचार्य सुरेश प्रजापति, एसएस पब्लिक स्कूल , राजरानी कन्या इंटर कॉलेज , मीरी पीरी खालसा अकैडमी ,फाउंडेशन प्ले , सिटी मॉडल स्कूल, अमरजीत बजाज सहित इस बैठक में लगभग 60 विद्यालयों के प्रधानाचार्य व स्टाफ मौजूद रहे।

## प्रीति को मिली डाक्टरेट की उपाधि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर की प्रीति रूहेला पत्नी विदित रूहेला को कुमांऊ विश्वविद्यालय नैनीताल के अंग्रेजी विभाग ने डाक्टरेट की उपाधि प्रदान की है। प्रीति ने 'इंथिक्स ऑफ मॉरालिटी: ए स्टडी ऑफ राबर्ड लुईस स्टीवेन्शन' विषय पर शोध किया। उन्होंने अपने शोध कार्य का श्रेय अपनी शोध निदेशक गदरपुर राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शर्मिला



सक्सेना को दिया है। साथ ही प्रीति ने अपनी थीसिस अपने स्व. पिता महेश कुमार रूहेला एवं माता श्रीमती सर्वेश रूहेला को समर्पित की है। प्रीति ने शोध कार्य के लिए अपने सास ससुर मंजू रूहेला एवं अनिल रूहेला का भी आभार व्यक्त किया है।

## श्री श्याम कृपा महोत्सव एवं भव्य निशान यात्रा आज सायं

रूद्रपुर(उद संवादाता)। श्री श्याम मित्र मण्डल की ओर से श्री श्याम कृपा महोत्सव एवं एवं निशान यात्रा का आयोजन आज शाम किया जायेगा। महोत्सव में कोलकाता के मशहूर भजन गायक संजय मित्तल अपने सुमधुर भजनों से बाबा का गुणगान करेंगे। जानकारी देते हुए श्री श्याम मित्र मण्डल के महामंत्री तरूण कालरा ने बताया कि श्री श्याम कृपा महोत्सव से पूर्व सिटी क्लब से बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा सूरजगढ़ वालों के सानिध्यक्ष में धूमधाम से निकलेगी। शोभा यात्रा गल्ला मण्डी पहुंचकर संपन्न होगी। इसके पश्चात शाम सात बजे से गल्ला मण्डी परिसर में खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार सजेगा। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल, जयपुर के अजय शर्मा और हल्द्वानी की खुशी जोशी अपने भजनों से बाबा का गुणगान करेंगे। श्री श्याम मित्र मण्डल के पदाधिकारियों ने श्याम प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में निशान यात्रा और दरबार में पहुंचने की अपील की है।

# परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिये कैरियर काउसलिंग का शुभारम्भ

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एम. बी.पी.जी कालेज लालबहादुर शास्त्री सभागार में कुमाऊ आयुक्त दीपक रावत एवं आईजी नीलेश आनन्द भरणे ने दीप प्रज्वलित कर कैरियर काउसलिंग का शुभारम्भ किया एवं इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों द्वारा आयुक्त श्री द्वारा ही नही की जा सकती हैं वर्तमान जीवन में आपके साथ क्या-क्या घटित हो रहा है उन बातों का संज्ञान लेना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परीक्षा कोई भी छोटी व बडी नही होती है परीक्षा सिर्फ परीक्षा होती है। श्री रावत ने यूपीएससी की तैयारी कर रहे बच्चों से कहा कि तैयारी शुरू करने से पहले आपको प्री और मेन्स परीक्षा दोनों के सिलेबस को जानना नोट्स बनाना बेहतर है। आयुक्त ने कहा कि यह जरूरी है कि आप कई किताबों को पढने के बजाय अपनी तैयारी को सरल रखें. केवल कम से कम और अच्छी किताबें ही पढ़ें और उन्हें कई बार एडिट करें। उन्होंने कहा कि आप सामान्य अध्ययन और ऑप्शनल पेपर दोनों के लिए ऑनलाइन या हार्ड कॉपी में जिस तरह से भी सहज महसूस करते हैं, ने कहा कि यूपीएससी परीक्षा को क्लियर करने के लिए केवल किताबी कीड़ा होना पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक मजबूत कैरेक्टर धैर्य, दृढ़ संकल्प, निरंतर प्रयास, आत्म-प्रेरणा और अनुशासन की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा साक्षात्कार एक व्यक्तित्व परीक्षण है। यहाँ आपके व्यक्तित्व और गुणों के विभिन्न पहलुओं जैसे कि कूटनीतिक कौशल,





रावत एवं आईजी श्री भरणे से परीक्षा के टिप्स के बारे में प्रश्न पूछे गये बताये तथा उनकी परेशानियों का समाधान भी किया। यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये आयुक्त श्री रावत ने कहा सिविल सर्विसेज की तैयारियां केवल किताबों के चाहिए, साथ ही एक उम्मीदवार को प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा दोनों के पिछले कुछ सालों के प्रश्नपत्र पेपर को पढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा नियमित रूप से अखबार पढ़ना शुरू करें. सिलेबस की मदद से संबंधित आर्टिकल्स की पहचान की जा सकती है. मुद्दों के आधार पर छोटे आप छोटे नोट्स (रिवीजन के दौरान समय बचाने में मदद करता है) बना सकते हैं। आयुक्त ने कहा बच्चों द्वारा आज परीक्षाओं के सम्बन्ध में आत्मनिर्भर सवाल पूछे गये बच्चों का काफिडेंस काफी उच्चकोटी का है उन्होने खुशी जाहिर की। आईजी नीलेश आनन्द भरणे संचार कौशल, बुद्धि तत्परता, तनाव और दबाव में प्रतिक्रिया आदि का परीक्षण होगा। श्री भरणे ने अपने जीवन के अंश छात्र-छात्राओं से साझा किये कि उन्हें कितनी परेशानियों से गुजरना पडा। उन्होंने कहा हमारा जब तक हम अपने मुकाम में आत्मनिर्भर नहीं होंगे तब तक हम सफलता हासिल नही कर सकते। इस अवसर पर बच्चों द्वारा आयुक्त एवं आईजी से वन-टू-वन वार्ता कर परीक्षा में क्या-क्या परेशानियां होती है विचार साझा किये गये आयुक्त एवं आईजी द्वारा बच्चों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समाधान किया गया। बच्चों ने कहा इस प्रकार के डिबेट नियमित होने चाहिए। इस अवसर पर डा अनिल कपूर डब्बू, निदेशक उच्च शिक्षा डा0 सीडी संथा प्राचार्य डा0 एनएस बनकोटी, डा0 एचएस भण्डारी के साथ ही यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे सैकडों छात्र-छात्रायें मौजूद थे।




# बैठक में विधायक शिव ने उठाई कई समस्याएं

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कलेक्ट्रेट स्थित अब्दुल कलाम सभागार में केंद्रीय रक्षा पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट की की अध्यक्षता में हुई दिशा की बैठक में विधानसभा रुद्रपुर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर विधायक शिव अरोरा ने अनेको विषयों को प्रमुखता से रखा, जिसमे मुख्य रूप से रूद्रपुर ट्रंचिग ग्राउंड जो कूड़े के पहाड़ का आकार ले चुका है जिससे शहर की हवा और पर्यावरण को नुकसान हो जिससे आय दिन दुर्घटना होने की खबर सामने आती रहती है वही उसके आस पास के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में बीमारी का पैमाना बढ़ता जा रहा है।बैठक के माध्यम नगर आयुक्त को इस कूड़े के पहाड़ को समाप्त करने हेतु निर्देशित किया, वही कैम्प क्षेत्र के पास सरकारी इंटर कालेज हेतु विभाग के माध्यम से प्रस्ताव दिया है उसको आगे बढ़ाने के लिये भी विधायक शिव अरोरा ने अजय भट्ट के माध्यम से अपनी बात को रखा। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र ने अमृत योजना के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने का कार्य दो वर्षो से पूर्ण हो चुका है मगर इस योजना के अंतर्गत अभी तक किसी के कनेक्शन नही हुआ और हुए तो उनको इसका लाभ नही मिला जिसपर विधायक शिव अरोरा ने सख्त नाराजगी व्यक्त की वही अजय भट्ट ने इसकी जाँच के आदेश दिये, विधायक ने कहा आयुष्मान योजना के अंतर्गत विधानसभा रुद्रपुर में आयुष्मान कार्ड धारकों को कोई लाभ नही मिल पा रहा क्योंकि आयुष्मान के अंर्तगत निजी अस्पताल की संख्या न के बराबर है और मरीज को इसके लिये अन्य शहरों-राज्यो में भटकना पड़ता है, उन्होंने स्वास्थ विभाग को आयुष्मान के अंतर्गत निजी अस्पताल को जोड़ने के लिये कहा, बैठक में विधायक शिव अरोरा आय प्रमाण बनने में आ रही समस्या जिसमे पटवारी द्वारा लटकाए जाने की शिकायत मिलती रहती है वही वृद्धावस्था, विकलांग पेंशन जैसे विषय पर उनको आय प्रमाण पत्र के लिये भटकना पड़ता है ऐसी स्थिति में सुधार होना चाहिये। विधायक शिव अरोरा ने कहा उन्होंने फायर हाइड्रेड स्टेशन की स्थापना के लिये पत्र दिया था उन्होंने कहा ट्रांजिट केम्प रम्पुरा जैसी घनी आबादी वाले क्षेत्रों आगजनी की घटनाओं पर काबू पाने के अग्निशमन विभाग की गाड़ियों को काफी समस्या आती है उनको गड़ी रिफिलिग के लिये दूर क्षेत्रो में जाना पड़ता है। विधायक शिव अरोरा ने कहा सभी महत्वपूर्ण मुद्दे है जिनपर कार्य होना जरूरी है उन्होंने उमीद जताई कि केंद्र रक्षा पर्यटन मंत्री अजय भट्ट के नेतृत्व में हुई दिशा की बैठक में महत्वपूर्ण विषयों को गम्भीरता से लिया जायेगा।



# करोड़ों लेकर फरार हुए तीन लोगों पर केस दर्ज

गदरपुर(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र के उदय शंकर पुत्र जीवित प्रसाद व नंद लाल पुत्र चरण सिंह ने मानव अधिकार आयोग देहरादून में एक शिकायती पत्र भेजकर किसानों का करोड़ों रुपया लेकर रफूचक्कर हुए लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की वहीं पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्य नगर निवासी उदय शंकर पुत्र जीवत प्रसाद व नंदलाल पुत्र चरण सिंह ने मानव अधिकार आयोग देहरादून को एक शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया कि बलदेव पुत्र संतपाल निवासी मंडी गदरपुर, दर्शन पुत्र बादाराम निवासी गदरपुर, बलदेव का मुंशी ख्यालीराम निवासी गदरपुर क्षेत्र के कई किसानों का करोड़ों रुपया बेईमानी कर रहा है और बलदेव अपना मकान बेचकर रफूचक्कर हो गया है उन्होंने तहरीर में बताया कि बलदेव की गदरपुर में एक आढ़त थी और किसी किसान का 12 लाख रुपया किसी का 40लाख रुपए तो किसी का 10 लाख रु सहित करोड़ों रुपए हड़प लिए और बेईमानी पर उतर आया और अपना मकान भी अपने परिवार के अन्य लोगों को बेच कर कही रफूचक्कर हो गया उन्होंने बलदेव का मुंशी ख्यालीराम को भी इस षड्यंत्र में शामिल बताया है उन्होंने प्रशासन से अपील भी की है कि इस षड्यंत्र की गोपनीयता से जांच कराई जाए ठगे गए पीड़ित लोग लोग अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति, व अल्पसंख्यक वर्ग के हैं जो अपनी कमाई से फसल की बुवाई से इन्हे अनाज बेचकर चौपट हो गए उन्होंने आरोप लगाया है कि किसानों का करोड़ों रुपया होने पर शातिर बलदेव गदरपुर छोड़कर भाग निकला तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने बलदेव पुत्र संतलाल निवासी मंडी गदरपुर, दर्शन पुत्र बालाराम निवासी गदरपुर, मुंशी खयाली राम निवासी गदरपुर के खिलाफ धारा 420 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विभिन्न प्रतियोगिताओं में जूनियर स्कूल बलराम नगर के बच्चों ने प्राप्त किए पुरस्कार

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय जूनियर स्कूल बलराम नगर में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के संबंध में प्रधानाचार्य सविता सिंह के नेतृत्व में बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया स जिस में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कृत करने के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई स सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के संयोजक देवेंद्र सिंह और महिमा चौरिटेबल सोसाइटी के संयुक्त प्रयासों से बच्चों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया स कक्षा 6,7 एवं 8 मैं अध्ययनरत बच्चों की पहाड़ा,कविता एवं सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया स जिसमें कक्षा 8 की अंजलि, सिमरन, आंचल ,पूजा ,अर्जुन ,राधिका, सिमरन , कक्षा 7 की अर्चना ,दीक्षा, प्रियांशी, खुशबू,कृतिका एवं अनन्या , कक्षा 6 की अनन्या एवं ज्योति के अलावा खेलकूद में अग्रणी विजय तथा गायत्री मंत्र गायन करने वाले रेखा,पूजा एवं पिंकी को शिक्षण सामग्री से पुरस्कृत किया गया स मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता राजीव ग्रोवर द्वारा बच्चों को पुरस्कार बांटते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई चंद्रिका फौगाट ने कहा,विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों का मानसिक उत्साहवर्धन होता है प्रतियोगिताओं के आयोजन से कुछ ना कुछ सीखने की लग्न पैदा होती है उन्होंने योग एवं जूडो कराटे के बारे में भी जानकारियां प्रदान की स नेहरू युवा क्लब की मुस्कान चावला द्वारा कहा गया कि लग्न एवं मेहनत से बच्चों को अपनी कक्षा में प्रथम रहने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन अति आवश्यक है स कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र सिंह ने कहा कि गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व 15 अप्रैल से विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में कार्यक्रम करके शिक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके लिए समाजसेवी हरविंदर सिंह ग्रोवर और अन्य संस्थाओं द्वारा सहयोग प्रदान करके कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए तन मन से सेवा की जा रही है स इस मौके पर प्रधानाचार्य सविता सिंह, पलक ठुकराल ,दिव्या डंग सहित तमाम बच्चे शामिल रहे।



# डीपीएस में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आयोजित मानक क्लब की स्थापना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली पब्लिक स्कूल- रुद्रपुर में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आयोजित मानक क्लब के लिए एक उन्मुखीकरण सत्र में मानकीकरण और गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित विभिन्न विषयों को शामिल किया गया। डीपीएसआर ने परिसर में मानक क्लब की स्थापना की है जो मानक क्लब के राजदूत को पोषित करने में मदद करता है। सर्वप्रथम सत्र की शुरुआत रिसोर्स पर्सन श्री बी.सी. जोशी, प्रबंधक, प्रकाश पाइप्स, काशीपुर जिन्होंने मानकों की अवधारणा और विभिन्न क्षेत्रों में उनके महत्व को स्पष्ट किया। वक्ता ने समझाया कि कैसे मानक उत्पादों, सेवाओं और प्रक्रियाओं में सुरक्षा, विश्वसनीयता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने में मदद करते हैं। श्री जोशी ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और भारत में मानकों को स्थापित करने और लागू करने में इसकी भूमिका का एक सिंहावलोकन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि कैसे बीआईएस विभिन्न क्षेत्रों में मानकों को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए उद्योग, सरकार और अन्य हितधारकों के साथ काम करता है। स्टैंडर्ड क्लब ने मानक लेखन गतिविधि का आयोजन किया जिसमें नौवीं से बारहवीं कक्षा के हमारे छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। हमारी युवा और प्रतिभावान, ग्यारहवीं कक्षा की सुहानी कक्कड़ और दसवीं कक्षा की कनिका धर्मशक्तु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नौवीं कक्षा की इतिका अग्रवाल, दसवीं की लक्षिका जुनेजा और नौवीं की अद्विका ढींगरा ने दूसरा स्थान हासिल किया। हमें उपलब्धियों और नई शुरुआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन श्री सुरजीत सिंह ग्रोवर जी ने कहा कि यह छात्रों के लिए एक स्वर्णिम अवसर है ।और उन्होंने सभी विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं भी प्रदान की।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## जहरीली शराब

बिहार में प्रतिबंध के बावजूद हर कुछ समय बाद राज्य के किसी इलाके में जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत की खबरें अक्सर आती रहती हैं। किसी भी दुखद घटना या हादसे का जरूरी सबक यह होना चाहिए कि ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में वैसा फिर न हो। लेकिन ऐसा लगता है कि बिहार मे पाबंदी के बावजूद बार-बार जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत हो रही है और प्रशासन की नाकामी बदस्तूर कायम है। गौरतलब है कि बिहार के मोतिहारी में तीन दिन पहले शराब पीने के बाद फिलहाल छब्बीस लोगों की जान जाने की खबर आ चुकी है। हैरानी की बात यह है कि राज्य में शराब पर सख्त पाबंदी को मौजूदा सरकार अपनी एक बड़ी उपलब्धि बताती रही है। मगर समय-समय पर अमूमन हर जगह अवैध रूप से शराब मिलने की खबरों को लेकर जब सवाल उठाए गए और पाबंदी की व्यावहारिकता को कठघरे में खड़ा किया गया, तब भी सरकार ने इस मामले में नरमी बरतने के कोई संकेत नहीं दिए। सवाल है कि अगर सरकार शराब पर प्रतिबंध को लेकर अपने सख्त रुख को उचित मानती है तो उसे जमीन पर उतारने में लगातार नाकाम क्यों दिख रही है! हालांकि कुछ महीने पहले राज्य के छपरा जिले में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों की पिछली घटना के बाद राज्य में काफी तीखी प्रतिक्रिया उभरी थी और विपक्षी दलों ने सवाल उठाए थे। तब मुख्यमंत्री ने जो प्रतिक्रिया दी थी, उसे भी संवेदनशीलता की कसौटी पर उचित नहीं माना गया था। जबकि पाबंदी के बावजूद अगर कहीं किसी रूप में सामान्य या जहरीली शराब मिल रही है तो यह राज्य के प्रशासनिक तंत्र की लापरवाही और विफलता का ही सूचक है। अगर सरकारी तंत्र की नाकामी की वजह से जहरीली शराब के कारोबारी अपना ध ंधा चला रहे हैं तो सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। शायद इसी तरह के सवालों से उपजे दबाव का नतीजा है कि इस बार अपना रुख बदलते हुए बिहार के मुख्यमंत्री ने यह अहम घोषणा की कि मोतिहारी में जहरीली शराब पीने से मरने वालों के अलावा पहले की घटनाओं में हुई मौतों के मामले में भी पीड़ित परिवारों को चार-चार लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। सरकार ने इसके लिए कुछ शर्तें लगाई हैं। मसलन, मृतक के परिजनों को लिखित देना होगा कि मौत शराब पीने से हुई है, शराबबंदी अच्छी चीज है और भविष्य में परिवार का कोई भी शख्स शराब नहीं पीएगा। बिहार में पिछले कई साल से शराबबंदी लागू है और इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ राज्य की पुलिस की ओर से बेहद सख्ती बरतने की खबरें भी आती रही हैं। शराब की अवैध बिक्री के आरोप में बहुत सारे लोगों को जिस तरह कानून के कठघरे में खड़ा किया गया, उस पर विपक्षी दलों ने सवाल उठाए। जमीनी तस्वीर यह है कि राज्य में पाबंदी के बावजूद शराब हासिल करना कोई मुश्किल काम नहीं देखा गया। ऐसे आरोप भी सामने आए कि कई स्तर पर मिलीभगत के बूते आज भी शराब के अवैध कारोबार को अंजाम दिया जाता है। इसी बीच कई बार जहरीली शराब भी बेच दी जाती है और उसका शिकार आमतौर पर वैसे गरीब लोग होते हैं, जो जागरूक नहीं होते हैं। आखिर इसकी मुख्य वजह शराबबंदी के नियम को ईमानदारी से लागू करने में राज्य के संबंधित महकमों की लापरवाही ही है। यह बेवजह नहीं है कि प्रतिबंध के बावजूद हर कुछ समय बाद राज्य के किसी इलाके में जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत की खबरें अक्सर आती रहती हैं।

# देश में शुरू हुआ गर्म हवाओं का प्रकोप

देश में भीषण गर्म हवाएं चल पड़ी हैं।ये हवाएं मुंबई में कहर बनकर टूट भी पड़ी हैं।यहां आयोजित 'महाराष्ट्र भूषण' पुरस्कार समारोह के दौरान तेज धूप के कारण हुई तेरह लोगों की मौत की जानकारी स्वयं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दी है।इस आयोजन में भागीदारी करने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आए थे।खारघर में एक खुले मैदान में अप्पासाहेब धर्माधिकारी को सम्मानित किया गया था। इसी बीच 38 डिग्री तापमान में बैठे लोग तेज धूप की तपन से व्याकुल होने लगे और देखते देखते सात लोग काल के गाल में समा गए।24 का उपचार अस्पताल में चल रहा है।दिल्ली में भी गर्मी बेहाल करने के हालात पैदा करने लगी है।40.4 डिग्री सेल्सियस से 42.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचे तापमान ने पूरी दिल्ली में लू के हालात उत्पन्न कर दिए हैं। पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में भी यह गर्मी कहर बरपा रही है। इसी समय हैदराबाद विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के श्जर्नल ऑफ अर्थ सिस्टम साइंसश में प्रकाशित अध्ययन से ज्ञात हुआ है कि पिछले 49 साल में भारत गर्मी का प्रकोप निरंतर बढ़ रहा है।लू चलने की घटनाएं हर दशक में बीते दशक से 0.6 बार अधिक हुई हैं।जबकि इसके विपरीत शीत लहर चलने की घटनाएं प्रत्येक दशक में बीते दशक से 0.4 मर्तबा कम हुई हैं।गर्मियों में जब लगातार तीन दिन औसत से ज्यादा तापमान रहता है तो उसे श्लूश कहते हैं।यदि सर्दियों में तीन दिन तक निरंतर औसत से कम तापमान रहता है तो उसे श्शीतलहरश कहा जाता है। श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार तेज गर्मी या प्रलय आने पर सांवर्तक सूर्य अपनी प्रचंड किरणों से पृथ्वी, प्राणी के शरीर,समुद्र और जल के अन्य स्रोतों से रस यानी नमी खींचकर सोख लेता है। नतीजतन उम्मीद से ज्यादा तापमान बढ़ता है, जो गर्म हवाएं चलने का कारण बनता है। यही हवाएं लू कहलाती हैं। आज कल मौसम का यही हाल है। जब हवाएं आवारा होने लगती हैं तो लू का रूप लेने लग जाती हैं। लेकिन हवाएं भी भला आवारा होती हैं ? वे तेज ,गर्म व् प्रचंड होती हैं। जब प्रचंड से प्रचंडतम होती हैं तो अपने प्रवाह में समुद्री तूफान और आंधी बन जाती हैं। सुनामी जैसे तूफान इन्हीं आवारा हवाओं के दुष्परिणाम हैं। इसके ठीक विपरीत हवाएं ठंडी और शीतल भी होती हैं। हड्डी कंपकंपा देने वाली हवाओं से भी हम रूबरू होते हैं। लेकिन आजकल आवारा पूंजी की तरह हवाएं भी आवारा व्यक्ति की तरह समूचे उत्तर व मध्य भारत में मचल रही हैं. तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है, जो लोगों को पस्त कर रहा है। अतएव हरेक जुबान पर प्रचंड धूप और गर्मी जैसे बोल आमफहम हो गए हैं। हालांकि लू और प्रचंड गर्मी के बीच भी एक अंतर होता है। गर्मी के मौसम में ऐसे क्षेत्र जहां तापमान, औसत तापमान से कहीं ज्यादा हो और तीन दिन तक यही स्थिति यथावत बनी रहे तो इसे 'लू' कहने लगते हैं । मौसम की इस असहनीय विलक्षण दशा में नमी भी समाहित हो जाती है। यही सर्द-गर्म थपेड़े लू की पीड़ा और रोग का कारण बन जाते हैं। किसी भी क्षेत्र का औसत तापमान, किस मौसम में कितना होगा, इसकी गणना एवं मूल्यांकन पिछले 30 साल के आंकड़ो के आधार पर की जाती है। वायुमंडल में गर्म हवाएं आमतौर से क्षेत्र विशेष में अधिक दबाव की वजह से उत्पन्न होती हैं। वैसे तेज गर्मी और लू पर्यावरण और बारिश के लिए अच्छी होती हैं। अच्छा मानसून इन्हीं आवारा हवाओं का पर्याय माना जाता है, क्योंकि तपिश और बारिश में गहरा अंतर्संबंध है। धूप और लू के इस जानलेवा संयोग से कोई व्यक्ति पीड़ित हो जाता है, तो उसके लू उतारने के इंतजाम भी किए जाते हैं। दरअसल लू सीधे दिमागी गर्मी को बढ़ा देती है। अतएव इसे समय रहते ठंडा नहीं किया तो यह बिगडा अनुपात व्यक्ति को बौरा भी सकता है। वैसे शरीर में प्राकृतिक रूप से तापमान को नियंत्रित करने का काम मस्तिष्क में 'हाइपोथैलेमस' अर्थात 'अधश्चेतक' क्षेत्र करता है। इसका सबसे महत्वपूर्ण कार्य पीयूष ग्रंथि के माध्यम से तंत्रिका तंत्र को अंत:स्रावी प्रक्रिया के माध्यम से तापमान को संतुलित बनाए रखना होता है। इसे चिकित्सा शास्त्र की भाषा में हाइपर-पीरेक्सिया कहते हैं। यानी शरीर के तापमान में असमान वृद्धि या अधिकतम बुखार का बढ़ जाना। इसकी चपेट में बच्चे और बुजुर्ग आसानी से आ जाते हैं। बाहरी तापमान जब शरीर के भीतरी तापमान को बढ़ा देता है, तो हाइपोथैलेमस तापमान को संतुलित बनाए रखने का काम नहीं कर पाता। नतीजतन शरीर के भीतर बढ़ गई अनावश्यक गर्मी बाहर नहीं निकल पाती है, जो शरीर में लू का कारण बन जाती है। इस स्थिति में शरीर में कई जगह प्रोटीन जमने लगता है और शरीर के कई अंग एक साथ निष्क्रियता की स्थिति में आने लग जाते हैं। ऐसा शरीर में पानी की कमी यानी डी-हाईड्रेशन के कारण भी होता है। दोनों ही स्थितियां जानलेवा होती है। इस स्थिति के निर्माण हो जाने पर बुखार उतारने वाली साधारण गोलियां काम नहीं करती हैं। क्योंकि ये दवाएं दिमाग में मौजूद हाइपोथैलेमस को ही अपने प्रभाव में लेकर तापमान को नियंत्रित करती हैं। जबकि लू में यह स्वयं शिथिल होने लग जाता है। ऐसे में यदि पानी कम पीते हैं तो हालात और बिगड़ सकती है, इसलिए पानी और अन्य तरल पदार्थ ज्यादा पीने की जरूरत बढ़ जाती है। रोग-प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन लू को नियंत्रित करता है। लू लगे ही नहीं इसके लिए जरूरी है कि गर्मी के संपर्क से बचें और हल्के रंग के सूती कपड़े या खादी के वस्त्र पहने। सिर पर स्वाफी (तौलिया) बांध लें और छाते का उपयोग करें। आम का पना, मट्ठा, लस्सी, शरबत जैसे तरल पेय और सत्तू का सेवन लू से बचाव करने वाले हैं। ग्लूकोज और नींबू पानी भी ले सकते हैं। हवाएं गर्म या आवारा हो जाने का प्रमुख कारण ऋतुचक्र का उलटफेर और भूतापीकरण (ग्लोबल वार्मिंग) का औसत से ज्यादा बढ़ना है। इसीलिए वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि इस बार प्रलय धरती से नहीं आकाशीय गर्मी से आएगी। आकाश को हम निरीह और खोखला मानते हैं, किंतु वास्तव में यह खोखला है नहीं। भारतीय दर्शन में इसे पांचवां तत्व यूं ही नहीं माना गया है। सच्चाई है कि यदि परमात्मा ने आकाश तत्व की उत्पत्ति नहीं की होती, तो संभवत: आज हमारा अस्तित्व ही नहीं होता। हम श्वास भी नहीं ले पाते। पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु ये चारों तत्व आकाश से ऊर्जा लेकर ही क्रियाशील रहते हैं। ये सभी तत्व परस्पर परावलंबी हैं। यानी किसी एक तत्व का वजूद क्षीण होगा तो अन्य को भी छीजने की इसी अवस्था से गुजरना होगा। प्रत्येक प्राणी के शरीर में आंतरिक स्फूर्ति एवं प्रसन्नता की अनुभूति आकाश तत्व से ही संभव होती है, इसलिए इसे ब्रह्मतत्व भी कहा गया है। अतएव प्रकृति के संरक्षण के लिए सुख के भौतिकवादी उपकरणों से मुक्ति की जरूरत है। क्योंकि हम देख रहे हैं कि कुछ एकाधिकारवादी देश एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियां भूमंडलीकरण का मुखौटा लगाकर ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन से दुनिया की छत यानी ओजोन परत में छेद को चौड़ा करने में लगे हैं। यह छेद जितना विस्तृत होगा वैश्विक तापमान उसी अनुपात में अनियंत्रित व असंतुलित होगा।नतीजतन हवाएं ही आवारा नहीं होंगी ,प्रकृति के अन्य तत्व मचलने लग जाएंगे। जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति भी बढ़ रही है और जलीय स्रोतों पर दोहन का दबाव बढ़ता जा रहा है। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में प्रकृति से उत्पन्न कठिन हालातों के साथ जीवन यापन की आदत डालनी होगी तथा पर्यावरण संरक्षण पर गंभीरता से ध्यान देना होगा।

**प्रमोद भार्गव,लेखक,**
**साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं।**




# भद्रतुंगा में लघु अर्द्धकुम्भ की तैयारियां जोरों पर श्रद्धालुओं और साधु संतों का आगमन शुरू

कपकोट(उद संवाददाता)। श्री राम महायज्ञ संचालन समिति सरमूल के तत्वावधान में भद्रतुंगा में तीन मई से पहली बार शुरु हो रहे नौ दिवसीय कुर्माचल के लघु अर्द्धकुम्भ की तैयारियां अब जोर पकड़ने लगी हैं। अनुष्ठानस्थल को जाने वाले मार्ग का कटान हो चुका है। तैयारियों पर महामंडलेश्वर अभिराम दास खुद नजर रखे हुए हैं। स्वामीरामानंद संत आश्रम में दूरस्थ क्षेत्रों से संत महात्माओं के आने का सिलसिला जारी है। आश्रम के समीप विद्युत व्यवस्था हेतु 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगा दिया है। यूपीसीएल के अनुसार ट्रांसफार्मर पहुँच गया है, क्षेत्र की विद्युत व्यवस्थाको दुरूस्त किया जा रहा है। ब्लॉक प्रमुख गोविंद दानू के सहयोग से आश्रम के आसपास सौर ऊर्जा की लाइटें लगा दी गई हैं। जिला पचांयत की ओर से भद्रतुंगा तीर्थस्थल पर यज्ञशाला और प्रवचन के लिए मैदान समतलीकरण कार्य पूरा हो चुका है, विधायक सुरेश गढ़िया की निधि से मंजूर 10 लाख रुपए से विशाल मैदान का निर्माण प्रगति पर है। आश्रम में गुजरात, यूपी, सूरत, उज्जैन, ऋषिकेश, उत्तरकाशी समेत अनेक स्थानों से संत महात्माओं के पहुंचने से आश्रम में चहल पहल बढ़ गई है। देश प्रदेश से साधु संतों द्वारा भी आश्रम में अर्द्ध महाकुंभ की तैयारियों को लेकर आश्रम के संत देवानंद दास ने बताया की पांच कुण्डीय राम यज्ञ में हर रोज 30 यजमान हवन करेंगे। हवन में 11 कुंतल तिल, चावल, जौ और विभिन्न जड़ी बुटियों से बनी हवन सामग्री का प्रयोग होगा। नागा बाबाओं के रात में रहने के लिए कुटिया का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। संचालन समिति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री बलवंत भौर्याल के अनुसार प्रस्तावित सभी कार्य समय से पहले पूरे करने के प्रयास चल रहे हैं, उन्होंने अर्द्धकुम्भ को भव्य और दिव्य बनाने में पूरा सहयोग देने की अपील की है, विधायक सुरेश गढ़िया ने बताया कि संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दे दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवारिक गुरु अभिराम दास रोजाना शाम को यहां हो रहे हर कार्य पर बारीकी से नजर रख रहे हैं उन्होंने कहा समय कम है हर कार्य समय पर पूरा हो इसके लिए मजदूरों की संख्या बढाई जाए, उन्होंने यज्ञशाला, प्रवचन मंडपस्थल के अलावा प्राचीन शिव और देवी मंदिरों कि स्थिति निर्माणाधीन सडक से क्षतिग्रस्त हनुमान मंदिर को जल्दी नवजीवन देने को कहा, स्नान घाट तक सरयू कोजल धारा लाने के प्रयास हों ताकि श्रद्धालुओं को स्नान करने में कोई दिक्कत न हो, वहां संचालन समिति के सदस्यों में रमेश गढ़िया, गणेश चंद्र उपाध्याय, गिरीश जोशी, ग्राम प्रधानों में नरेंद्र टाकुली, उमेश सिंह टाकुली और बीडीसी सदस्य चरण सिंह टाकुली थे। क्षेत्र के लोगों ने लघु अर्द्धकुम्भ संचालन समिति से अर्द्धकुम्भ के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ ही उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्य नाथ को भी खाश तौर पर आमंत्रित करने की मांग की है। कहा कि यूपी के सीएम की जन्मभूमि जहां उत्तराखंड है वहीं वह गोरखनाथ धाम गोरखपुर के मुखिया भी हैं उनके आने से लोगों को सनातन धर्म की मजबूती के बारे में नई नई जानकारी मिलने के साथ ही सरयू महारानी के संरक्षण को प्रभावी कदम उठेंगे। दोनों मुख्यमंत्रियों के एक साथ एक मंच पर होने से सहस्रधारा के पांचवा धाम घोषित होने में सुगमता होगी, संचालन समिति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री बलवंत भौर्याल ने कहा जनभावनाओं का पूरा सम्मान होगा, अनुष्ठान में अतिथियों के आमंत्रण पर समिति की बैठक में विचार होगा।



# पूर्णागिरि जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 27 लोग घायल

खटीमा। सितारगंज से पूर्णागिरि दर्शन के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस पहेनिया-कुटरी बाईपास में गन्ना सेंटर के पास अनियंत्रित होकर मार्ग की पटरी से नीचे गड्ढे में पलट गई। हादसे में 27 लोग घायल हो गए। बस में सवार 57 लोगों में 50 वयस्क और सात बच्चे शामिल थे। घायलों को 108 एंबुलेंस से उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। सोमवार देर शाम सितारगंज से निजी बस (यूके06पीए652) में सितारगंज के वार्ड दो, पांच व सात के श्रद्धालुओं को लेकर मां पूर्णागिरि के दर्शन के लिए रवाना हुई। पहेनिया-कुटरी बाईपास में गन्ना सेंटर के पास रात करीब ग्यारह बजे चालक को नींद की झपकी आ जाने से बस अनियंत्रित होकर मार्ग की पटरी से नीचे उतरकर गड्ढे में जाकर पलट गई। इससे बस में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। चीख पुकार की आवास सुनकर



नदन्ना गांव के ग्रामीण घटना स्थल पर दौड़ पड़े। सूचना पर चकरपुर पुलिस चौकी से पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों और पुलिस टीम ने बस में फंसे श्रद्धालुओं को खिड़कियों के शीशे तोड़कर बाहर निकाला। बस चालक घटना के बाद फरार हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस 108 ने घायलों को उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रबंधन की ओर से घायलों के बेहतर इलाज के लिए चिकित्सक और स्टाफ तैनात किए गए। हादसे में घायल 27 लोगों को उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। इसमें युवक विशाल ही हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। चार घायलों का उप जिला चिकित्सालय में इलाज किया जा रहा है, जिनकी हालत स्थिर है। 22 घायलों का प्राथमिक इलाज के बाद हालत सामान्य होने पर रात्रि में ही छुट्टी दे दी गई। चौकी प्रभारी प्रियांशु जोशी ने बताया कि बस चालक को नींद की झपकी आने से हादसा हुआ है। बस को कब्जे ले लिया है और घटना की जांच की जा रही हैं।

# धार्मिक आयोजनों से होता है नई उर्जा का संचार: ठुकराल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप में स्थित गोविंद मंदिर प्रांगण में सार्वजनिक श्री श्री महानाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारे का महानाम संकीर्तन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व संजय ठुकराल ने पहुंच कर पूजा अर्चना की एवं शीश नवाकर क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस दौरान आयोजक कमेटी द्वारा कीर्तन मंडली अनेक स्थानों से बुलाये गए एवं सुमधुर कंठ में क्षेत्रवासियों को महानाम सुनाया गया। भंडारे में आस पास के क्षेत्रों से भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। गोविंद मंदिर प्रांगण आयोजित अखण्ड महानाम संकीर्तन में पहुंचने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व संजय ठुकराल को आयोजक कमेटी ने अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान श्री ठुकराल ने संकीर्तन सुना और सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। श्री ठुकराल ने कहा धार्मिक आयोजनों से वातावरण शुद्ध और उर्जावान होता है। धार्मिक आयोजन हमें बुराई का त्याग और अच्छा की राह पर चलने की प्रेरणा देते है। श्री ठुकराल ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम समाज को धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अपनी संस्कृति को भूल रही है। युवा पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए उन्हें जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ संस्कारों का ज्ञान देना भी जरूरी है। धार्मिक संस्कार ही व्यक्ति को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान कीर्तन मण्डलियों ने संकीर्तन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर पूर्व सभासद दिलीप अधिकारी, परिमल राय, केरु मंडल, नेश सरकार, विजय अधिकारी, मानस बैरागी, गौतम सिकदार, रमेश समददार, रोबिन विश्वास, मानस बैरागी, सेना मंडल, सुभाष सोनकर, बंटी कोली, सुदीप ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।



# वनाग्नि की घटनाओं को अंजाम देने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई: डीएम

पिथौरागढ़(उद संवाददाता)। वनाग्निकाल के दृष्टिगत वनाग्नि की घटनाओं पर नियंत्रण व रोकथाम हेतु जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रभागीय वनाधिकारी जीवन मोहन दगाड़े ने बताया कि गत1 5 फरवरी से वर्तमान तक घटित वनाग्नि की घटनाएं बीते वर्षों में घटित वनाग्नि घटनाओं से काफी कम है। डीएफओ ने बताया कि विभाग के पास पर्याप्त संख्या में वाहन उपलब्ध नहीं है। जिसके समाधान के लिए जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय वन पंचायतों के साथ-साथ क्षेत्रीय उप जिलाधिकारी व तहसीलदार के साथ भी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि वनाग्नि काल के दौरान वनाग्नि की घटनाओं से निपटने में सहयोग करने वाली वन पंचायतों व व्यक्ति को सम्मानित किया जाएगा और सहयोग न करने वाली वन पंचायतों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसके साथ ही वनाग्नि की घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। डीडीहाट, बेरीनाग व गंगोलीहाट क्षेत्रांतर्गत वनाग्नि की अधिक समस्याएं सामने आती हैं। जिन पर विशेष ध्यान देना अति आवश्यक है।



जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी को वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाने के लिए कहा। साथ ही वनाग्नि की घटनाओं से निपटने के लिए प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। प्रभागीय वन अधिकारी को जनपद अंतर्गत वनाग्नि की घटनाओं की सूचना उपलब्ध कराने के साथ ही आग बुझाने गई वन विभाग की टीम द्वारा मौके पर किए गए कार्यों से भी अवगत कराने के लिए कहा। बैठक में जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र महर, फायर सेफ्टी ऑफिसर उपाध्याय व ऑनलाइन माध्यम से समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदारों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## पेज एक का शेष...

**अतीक का करीबी..**.जा रही है। उसकी निशानदेही पर असलहे भी बरामद किए जाने का प्रयास हो रहा है। उधर सूत्रों के हवाले से खबर है कि अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन और आयशा नूरी कौशांबी के कछार में छिपे हैं। शाइस्ता और आयशा के साथ शूटर साबिर भी है। शाइस्ता और आयशा नूरी लगातार नंबर बदल रहे हैं। दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमों को लगाया गया है।

**प्रेमी युगल झील में...** पहचान जिला अल्मोड़ा निवासी के रूप में हुयी है। युवती ने पूछताछ में बताया कि दीपक उसका पति है। इधर पता चला है कि मृतक दीपक कुमार की पत्नी का नाम कल्पना है और वह अपने मायके खटीमा में तीन बच्चों के साथ गई है। दीपक रोडवेज में संविदा पर बस चालक था जो भवाली डिपो की बस चलाता था। दीपक दोपहर एक बजे तक गांव में ही था। युवती के परिजनों ने भी दीपक को उक्त युवती का पति होने से इनकार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**कमरे में फंदे पर...**गया तथा डॉक्टरों द्वारा दून अस्पताल रेफर किया गया। जहां पर डॉक्टरों द्वारा मोहित कुमार को मृत घोषित किया गया। पुलिस शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना पुलिस का कहना है कि फांसी लगाने के कारणों की जांच की जा रही है। मौके से कोई सुसाईड नोड बरामद नहीं हुआ है।

**हत्यारे भांजे की मदद...**स्व०रेवा लाल निवासी ग्राम सिंगोती थाना बहेड़ी जिला बरेली उत्तर प्रदेश के घर से बरामद कर लिया और हत्या के मामले में साक्ष्य छुपाने में मदद करने के आरोप में नुक्ता प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल विक्रम सिंह राठौर, उपनिरीक्षक कमाल हसन उपनिरीक्षक अशोक काण्डपाल, कांस्टेबल गणेश गिरी, भूपेंद्र आर्य आदि शामिल थे।

# उत्तराखंड में लगातार चढ़ रहा पारा

देहरादून। उत्तराखंड में पारा लगातार चढ़ रहा है और भीषण गर्मी महसूस की जा रही है। हालांकि, मौसम के करवट बदलने के आसार नजर आ रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बुधवार को पर्वतीय क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि और बौछारें पड़ सकती हैं। जबकि, मैदानी क्षेत्रों में अंधड़ व बूंदाबांदी के आसार हैं। जिसे देखते हुए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बीते एक सप्ताह से उत्तराखंड में मौसम शुष्क है और चटख धूप के साथ पारा कुलांचे भर रहा है। तापमान में लगातार हो रही वृद्धि के चलते पहाड़ से लेकर मैदान तक भीषण गर्मी महसूस की जा रही है। देहरादून में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जो कि सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जिले में कहीं-कहीं तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार उत्तराखंड में आज से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम बदल सकता है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# काठगोदाम पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों की कराई परेड

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम द्वारा थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरो की थाने में परेड करवा कर उन्हें कई सख्त हिदायत दी गई। परेड में शामिल मौ. अफसर उर्फ मल्लु पुत्र हाजी मौ. तयैब निवासी लाईन नम्बर 1 बनभूलपुरा आजाद नगर हाल निवासी बागजाला पजाया गौलापार, गणेश बिष्ट पुत्र भूपाल सिंह निवासी ग्राम लदफौड़ा पदमपुरी तहसील धारी नैनीताल हाल



निवासी कुमाऊँ कालोनी दमुवाढूंगा, हृदयेश कुमार उर्फ कानू पुत्र स्व. सुरेश चन्द्र आर्या वासी चौफला चौराहा वार्ड 37 दमुवाढूँगा को किसी भी संदिग्ध गतिविधि में संलिप्त पाये जाने पर कठोर कानूनी कार्यवाही किये जाने की हिदायत की गई।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# ऋषिकेश से नीलकंठ मंदिर तक रोपवे बनाने की मंजूरी

## कैबिनेट बैठक में 21 बिन्दुओं पर फैसले: एयर पोर्ट अथारिटी को सौंपा जाएगा नैनीसैनी एयरपोर्ट का संचालन

देहरादून। उत्तराखंड में अब नीलकंठ महादेव आने वाले हजारों पर्यटकों को निकट भविष्य में रोमांच के साथ ही आरामदायक सफर का आनंद मिल सकेगा। मंत्रिमंडल ने इसके लिए ऋषिकेश से नीलकंठ महादेव मंदिर तक पीपीपी मोड पर रोपवे बनाने को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस रोपवे की डीपीआर तैयार हो गई है। उम्मीद है कि दो साल के भीतर यह रोपवे तैयार हो



जाएगा। मंगलवार को आवास विभाग ने मंत्रिमंडल की बैठक में रोपवे का विषय रखा। बताया गया कि इस रोप वे की कुल लंबाई 6585 मीटर, यानी तकरीबन 6.5 किमी होगी। इसमें 465 करोड़ रुपये का व्यय आना संभावित है। इस रोपवे में चार स्टेशन बनाए जाएंगे। इसका पहला स्टेशन आइएसबीटी ऋषिकेश, दूसरा स्टेशन, त्रिवेणी घाट, तीसरा स्टेशन नीलकंठ महादेव मंदिर और चौथा स्टेशन पार्वती मंदिर होगा। यह रोपवे 30 वर्षों के लिए पीपीपी मोड पर दिया जाएगा। इसका जिम्मा मेट्रो कारपोरेशन को दिया गया है। यही कारपोरेशन देहरादून में नियो मेट्रो का कार्य कर रहा है। मंत्रिमंडल ने उपनल कर्मचारियों को अब मासिक आधार पर प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया है। प्रदेश में अभी तक उपनल कर्मियों को त्रैमासिक आधार पर प्रोत्साहन भत्ता दिया जाता है। इसके तहत 10 साल की सेवा पूरी कर चुके कार्मिकों को 17,400 रुपये और 10 साल से कम सेवा वालों को 14,400 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस संबंध में पूर्व में भी निर्णय लिया गया था लेकिन तब वित्त विभाग ने इस पर आपत्ति लगा दी थी। इसके बाद से ही उपनल कर्मी प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि देने की मांग कर रहे थे। ऐसे में अब मंत्रिमंडल ने इन्हें प्रतिमाह 5800 रुपये और 4800 रुपये प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया है। आबकारी विभाग ने हाल ही में नई आबकारी नीति में अवैध शराब को हतोत्साहित करने के लिए इसकी कीमतों को कम करने का निर्णय लिया है। इसके तहत शराब में वैट की मौजूदा वैट दर 20 प्रतिशत को घटाकर 12 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है। वैट वित्त विभाग का विषय है। वित्त विभाग के नोटिफिकेशन के बाद ही आबकारी विभाग वैट में छूट दे सकता है। इस विषय को मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान की है। प्रदेश में सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पिथौरागढ़ के नैनीसैनी एयरपोर्ट का संचालन अब एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया करेगी। इसके लिए जल्द ही नागरिक उड्डयन विभाग एयरपोर्ट अथारिटी से करार करेगा। प्रदेश सरकार ने पहले नैनीसैनी एयरपोर्ट के संचालन का जिम्मा एयरफोर्स को देने का निर्णय लिया था। इस एयरपोर्ट से उड़ान योजना के तहत हवाई सेवा शुरू की जानी है। अभी वायुसेना इसका विधिवत संचालन नहीं कर रहा है। ऐसे में यहां नई हवाई सेवा शुरू करने के लिए इस एयरपोर्ट को एयरपोर्ट अथारिटी को देने का निर्णय लिया गया है। पर्यटन विभाग की होम स्टे योजना का लाभ अब नगर निगम व पालिका क्षेत्र में नहीं मिलेगा। यह योजना अब केवल नगर पंचायत व ग्रामीण क्षेत्रों में ही लागू होगी। मंत्रिमंडल ने इसे स्वीकृति प्रदान की है। लोक सेवा आयोग के बढ़ते कार्य को देखते हुए सरकार ने यहां 30 नए अस्थायी पद सृजित करने का निर्णय लिया है। इन पदों पर संविदा के आधार पर कार्मिकों की नियुक्ति की जाएगी। ये पद एक वर्ष के लिए सृजित किए जा रहे हैं। इस प्रस्ताव को कैबिनेट ने अपनी सहमति प्रदान की है। राज्य में बंद पड़ी गदरपुर चीनी मिल की जमीन सिडकुल को बेची जाएगी। कैबिनेट बैइक में निर्णय लिया गया कि गदरपुर चीनी मिल की जमीन बेचकर सिडकुल बैंक खाता खोला जाएगा। सिडकुल को जमीन बेचने के बाद अधिक राशि प्राप्त होने पर शेष राशि गन्ना एवं चीनी विकास विभाग को वापस सौंपी जाएगी।

## स्टेट हाईवे के अंतर्गत निर्माण कार्यों के लिये नक्शा जरूरी

### जिला विकास प्राधिकरण को लेकर धामी कैबिनेट का बड़ा निर्णय पहाड़ी क्षेत्रों में 50 मीटर, मैदान में 100 मीटर रहेगा निर्माण मानक

देहरादून। पुष्कर सिंह धामी मंत्रिमंडल की बैठक में खाद्य, शहरी विकास, वित्त, राजस्व, शिक्षा से संबंधित विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्य सचिव एसएस संधू ने जानकारी देते हुए बताया कैबिनेट बैठक में 21 बिन्दुओं पर फैसले लिए गए। कैबिनेट के फैसले: सैनिक कल्याण विभाग के तहत उपनल कर्मचारियों को हर महीने मिलेगा प्रोत्साहन भत्ता, अभी तक 3 महीने में भत्ता मिलता था। होम स्टे पर शहरी क्षेत्रों में सब्सिडी नहीं मिलेगी, अब केवल ग्रामीण क्षेत्रों में ही सब्सिडी मिलेगी। जिला विकास प्राधिकरण को लेकर कैबिनेट का बड़ा निर्णय, 2021 में इस प्राधिकरण को वापस लेने का सरकार ने लिया था निर्णय, लेकिन अब नए डेस्टिनेशन पर बढ़ती ट्रैफिक समस्या पर सरकार सख्त हुई है। स्टेट हाईवे के अंतर्गत आने वाली ऐसी जगह पर किसी भी निर्माण काम के लिए नक्शा पास कराना होगा जरूरी, पहाड़ी क्षेत्रों में 50 मीटर, मैदान में 100 मीटर रहेगा मानक। मंत्रिमंडल की बैठक में पर्वतीय क्षेत्रों में राजमार्गों के किनारे बनने वाले भवनों के मानचित्र स्वीकृत करने के संबंध में आवास विभाग ने विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। सूत्रों की मानें तो इसमें जोशीमठ की घटना का हवाला देते हुए पर्यटन व औद्योगिक दृष्टि से विकसित हो रहे पर्वतीय क्षेत्रों में जिला विकास प्राधिकरणों को सक्रिय करने की बात कही गई। कहा गया कि इन क्षेत्रों में सुनियोजित तरीके से विकास को गति देने के लिए भवन मानचित्र अनिवार्य किए जाएं। इसी में यातायात की दृष्टि से सड़कों के किनारे भवन निर्माण में भी मानचित्र बनाने की बात कही गई। इसके लिए 200 मीटर का दायरा प्रस्तावित किया गया, जिस पर मंत्रिमंडल में आमराय नहीं बन पाई।वित्त विभाग के तहत बिल लाओ और इनाम पाओ योजना को एक साल बढ़ाया गया पंचायती राज विभाग के तहत जिला योजना समिति के तहत सदस्यों की मौजूदगी के नियम में बदलाव,बैठक आयोजित करने को लेकर बदलाव। 603 प्राथमिक 76 उच्च प्राथमिक स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालयों के रूप में किया गया चयनित अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे चयनित विद्यालय। सिंचाई विभाग के तहत ढांचे में शोध अधिकारी के पदों को किया गया संशोधित, 24 पद किये गए संशोधित। नियोजन विभाग के तहत अस्थापना विकास बोर्ड के गठन को मंजूरी। हॉर्टिकल्चर के तहत 17 हजार से ज्यादा पॉलीहाउस किए गए स्वीकृत, 80% सब्सिडी के तहत लगाए जाएंगे पॉलीहाउस। स्वरोजगार को बढ़ावा देखते हुए सरकार ने लिया फैसला। आबकारी विभाग के तहत पॉलसी के तहत वित्त विभाग के तहत 12 प्रतिशत वैट किया गया स्वीकृति। वित्त विभाग के तहत ई सटापिंग की सुविधा बैंक में हो सकेगी। विघुत विभाग के 4 को सरेंडर किया है,सहायक लेखाकार के पद जोड़े जाएंगे। लोक सेवा आयोग 30 अस्थायी पद स्वीकृति दी गयी, संविदा के आधार पर होगी भर्ती। शहरी विकास विभाग के तहत सिरोली ग्रामपंचायत को निकाय से वापस लिया गया। ऋषिकेश से नीलंकठ तक रोपवे के प्रस्ताव को मंजूरी।

## सीएम धामी से मिला स्विस एजुकेशन ग्रुप का प्रतिनिधिमंडल

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्विस एजुकेशन ग्रुप से राज्य के युवाओं को पर्यटन और होटल व्यवसाय में प्रशिक्षण देने में सहयोग मांगा। स्विट्जरलैंड से आने वाले प्रशिक्षकों को सरकार की ओर से हर संभव सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री धामी से मंगलवार को उनके आवास पर स्विस एजुकेशन ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर क्लाडियो रैकनेलो के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल से भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में प्रशिक्षण के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सरकार करेगी। युवाओं को सर्टिफिकेट कोर्स की सुविधा मिलने से उनका हुनर बढ़ सकेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत राज्य में 11वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को बेहतर व्यावसायिक शिक्षा देने की विस्तृत योजना बनाई जाए। राज्य में पर्यटन, साहसिक पर्यटन व शिक्षा की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्विट्जरलैंड से प्रतिनिधिमंडल आना चाहेगा तो उन्हें सरकार से पूरा सहयोग मिलेगा। स्विस एजुकेशन ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर क्लाडियो रैकनेला ने कहा कि स्विट्जरलैंड में आध्यात्मिक गतिविधियों के क्षेत्र में कार्य करने की काफी संभावनाएं हैं। वहां पर आध्यात्मिक गतिविधियों पर आधारित केंद्रों में उत्तराखंड से विशेषज्ञ कार्य करें तो इसमें कार्य करने के लिए अनेक संभावनाएं हैं। राज्य की ओर से जो भी सहयोग मांगा जाएगा, उसे पूरा करने के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर स्वामी अभय दास, सूर्य प्रताप सिंह, सचिव शैलेश बगोली, रविनाथ रामन, सचिन कुर्वे, डा पंकज कुमार पांडेय एवं शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।



## सामिया लेक सिटी पर पांच अन्य लोगों ने भी लगाया लाखों रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

रुद्रपुर। धोखाधड़ी के आरोप में एक हफ्ते से सुर्खियों में चल रही सामिया लेक सिटी पर पांच अन्य लोगों ने भी लाखों रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। इसमें ऊर्जा निगम के एसडीओ समेत अन्य लोग भी शामिल हैं। एसएसपी के अनुसार सोसाइटी में सिर्फ प्लॉट दिखाए जाते हैं, जबकि रुपये ले लेने के बाद लोगों को वहां कब्जा और रजिस्ट्री नहीं मिलती है। 11 अप्रैल को लालकुआं निवासी शहजाद खान ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया था कि वर्ष 2011-12 में उन्होंने और उनके परिवार के चार लोगों ने सामिया लेक सिटी में पांच फ्लैट लेने के लिए करीब 56 लाख रुपये सोसाइटी संचालकों को दिए थे। इसके बावजूद उन्हें फ्लैट नहीं मिला। पिछले करीब 10 साल से सोसाइटी स्वामी जमील अहमद खान और प्रबंधन सगीर खान उनके साथ टालामटोली कर रहा था। पुलिस ने पांच केस दर्ज कर सोसाइटी प्रबंधक सगीर खान और मार्केटिंग एजेंट तस्लीम खान को गिरफ्तार जेल भेज दिया था। संचालक जमील अहमद खान का अब तक पता नहीं चल सका है।मंगलवार को पुलिस कार्यालय में ऊर्जा निगम के एसडीओ समेत पांच लोगों ने पहुंच कर अपनी आप बीती सुनाई। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने पीड़ितों के मामले की जांच कर सोसाइटी संचालकों के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश दिया है। एसएसपी ने बताया कि जब सोसाइटी में कोई फ्लैट लेने जाता है तो संचालक उसे निर्माणाधीन फ्लैट दिखा देते हैं। इसके बाद एडवांस रुपये लेकर फ्लैट उसके नाम करने की बात करते हैं। लेकिन बाद में किसी को भी वह फ्लैट नहीं मिलता है। ऊर्जा निगम के एक एसडीओ दिनेश शर्मा ने बताया कि करीब 10 वर्ष पहले उन्होंने और उनके दो भाईयों ने मिल कर सामिया सिटी में तीन फ्लैट लेने का इरादा किया था। इस दौरान सोसाइटी संचालकों ने उनके मुताबिक का फ्लैट उन्हें देने का वायदा किया। इसके एवज में संचालकों ने उनसे करीब 15 लाख रुपये लिए लेकिन अब तक उन्हें फ्लैट नहीं मिल सका।दिल्ली निवासी अविनाश वर्मा ने पुलिस कार्यालय पहुंच कर बताया कि करीब 10 वर्ष पहले उसने सामिया लेक सिटी में फ्लैट लेने के लिए करीब 25 लाख रुपये जमा किए थे।अब तक उन्हें फ्लैट नहीं मिल सका है।शहर निवासी साक्षी बत्रा ने फफकते हुए बताया कि करीब सात वर्ष पहले उन्होंने किस्त के तौर पर सामिया लेक सिटी एक फ्लैट लेने का आवेदन किया था। इस दौरान वह किस्त के तौर पर करीब पांच लाख रुपये दे चुकी है। हाल ही में उनके पति की मृत्यु हुई है। इसके बावजूद उन्हें फ्लैट नहीं मिला।हल्द्वानी निवासी बंशीधर रेवाड़ी ने बताया कि करीब 10 वर्ष पहले उन्होंने सामिया लेक सिटी में फ्लैट लेने के लिए लाखों रुपये जमा किए थे लेकिन निर्माणाधीन फ्लैट दिखाने के बाद उन्हें अब तक असल में फ्लैट नहीं मिला।शहर निवासी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि कई वर्ष पहले सामिया लेक सिटी में फ्लैट लेने के लिए उन्होंने लाखों रुपये जमा किए थे। लेकिन अब तक उन्हें वहां फ्लैट नहीं मिल सका। सोसाइटी संचालक लगातार उनके साथ टाल मटोली कर रहे हैं। सामिया लेक सिटी में करोड़ों रुपये का फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद एसएसपी ने इस मामले में एसआईटी गठित करने की बात की है। एसएसपी ने बताया कि एसपी सिटी मनोज कत्याल के पर्यवेक्षण में एक एसआईटी गठित की जाएगी। सीओ सिटी के नेतृत्व में एसएचओ विक्रम राठौर मामले की जांच करेंगे।

## एचआइवी संक्रमित कैदियों को अलग से रखने व निगरानी के निर्देश

नैनीताल। हाईकोर्ट ने हल्द्वानी जेल में एचआइवी पाजिटिव 44 कैदियों की देखरेख और उनके उपचार को लेकर दायर जनहित याचिका राज्य सरकार, सचिव समाज कल्याण व सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सहित आइजी जेल को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा हैं। कोर्ट ने एचआइवी संक्रमित कैदियों को अलग से रखने व विशेष निगरानी में देखरेख के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने आइजी जेल से यह पूछा है कि जेल में ड्रग्स की सप्लाई कहां से हो रही है, इसे गंभीरता से लें।



मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ में समाधान एनजीओ कृष्णा विहार देहरादून की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें कहा गया है कि नैनीताल जिले की हल्द्वानी जेल में 44 कैदी एचआइवी पाजिटिव मिले है, जिन्हें उचित देखभाल की आवश्यकता है। समाधान संस्था का यह भी कहना है कि इन्हें अन्य कैदियों से अलग रखा जाए और इनका स्वास्थ्य परीक्षण कराकर इनके उचित इलाज की व्यवस्था की जाए। याचिका में यह भी कहा गया है कि कैदियों को बंदी गृह में लाने से पहले उनकी एचआइवी की जांच की जाय, जिससे की अन्य कैदियों में संक्रमण न फैले। जेल में ड्रग्स की सप्लाई करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए।

ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur